सूर्योदय - 06:26
सूर्यास्त - 05:47

अधिकतम तापमान 29.0°
न्यूनतम तापमान 19.0°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 88 गुरुग्राम (हरियाणा), 'शुक्रवार, 30 अक्तूबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ठ : 08

'मोहब्बत की दुकान" में जहर बेचने का काम कर रहे राहुल गांधी : मुख्यमंत्री

गरीब, किसान और देश को मजबूत करने के लिए काम कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कांग्रेस विरोध कर रही : मुख्यमंत्री

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और गरीब व्यक्ति को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने गरीबों के घर उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर पहुंचाने और गरीबों को इलाज की सुविधा देने का काम किया, लेकिन कांग्रेस इन योजनाओं का भी विरोध करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि वह गरीबों के हित में किए जा रहे कामों का विरोध क्यों कर रही है। हरियाणा निवास चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश को दुनिया का नंबर एक राष्ट्र बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। किसानों

को मजबूत करने के लिए उनके खातों में छह हजार रुपये की राशि पहुंचाई जा रही है। इसके बावजूद कांग्रेस प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणियां करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से परिवार को लेकर की गई टिप्पणी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और देश के लोग कांग्रेस को इसके लिए माफ नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर आपत्ति जताई।

'मोहब्बत की दुकान' में जहर बिक रहा है, देश-प्रदेश के लोग सब जानते हैं

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' पर सवाल उठाते हुए कहा कि श्री राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं, लेकिन देश और प्रदेश के लोगों को मालूम है कि इस दुकान में जहर बिक रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या श्री राहुल गांधी की इस दुकान में 1984 के दंगों की भी जगह है? क्या हरियाणा में कांग्रेस के समय लोगों के घर और दुकानें जलाने तथा दलितों की बस्तियां जलाने की घटनाओं को भी इस दुकान में सजाया जाएगा? श्री राहुल गांधी को देश को बताना चाहिए कि क्या यही उनकी मोहब्बत की दुकान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पाकिस्तान से आतंकवादी आते थे और लोगों की जान लेकर चले जाते थे। उस समय आतंकवादी घटनाओं पर प्रभावी जवाब सामने नहीं आता था, जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद पर रोक लगाने का काम किया है।

राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सिरसा की रखेंगी आधारशिला

राष्ट्रपति सिरसा जिले में 21 एकड़ भूमि पर बनने वाले चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की भी आधारशिला रखेंगी। यह मेडिकल कॉलेज करीब 950 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा। इससे सिरसा जिले व आसपास के अन्य क्षेत्रों की जनता को अत्याधुनिक स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मिलेंगी। इन परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार दोपहर बाद 2:30 बजे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र के 18वें दीक्षात समारोह में मुख्य-अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी और पास-आऊट विद्यार्थियों को डिग्री वितरित करेंगी।

गन्ना किसानों के हित में मुख्यमंत्री सैनी की बड़ी घोषणा, दो साल में 35 रुपये बढ़ेगा गन्ने का मूल्य

2026-27 में 430 रुपए और 2027-28 में 450 रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा गन्ने का भाव

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के गन्ना किसानों के हित में बड़ा कदम उठाते हुए अगले दो वर्षों के लिए गन्ने के भाव में बढ़ोतरी की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वर्ष 2026-27 के सीजन में गन्ने का भाव 430 रुपये प्रति क्विंटल होगा, जबकि वर्ष 2027-28 में इसे बढ़ाकर 450 रुपये प्रति क्विंटल किया जाएगा। इस तरह दो वर्षों में गन्ने के भाव में कुल 35 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी होगी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2025-26 में गन्ने का भाव 415 रुपये प्रति क्विंटल था। इसे 15 रुपये बढ़ाकर वर्ष 2026-27 में 430 रुपये प्रति क्विंटल किया जाएगा। इसके बाद वर्ष 2027-28 में किसानों को 450 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से गन्ने का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि आमतौर पर गन्ने की पैदावार 700 से 800 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होती है। इस आधार पर गन्ने के भाव में बढ़ोतरी से किसानों की आय प्रति सीजन, प्रति एकड़ 10 हजार रुपये से 11 हजार 300 रुपये तक बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों कई किसान संगठनों से मुलाकात के दौरान किसानों ने डीजल, मजदूरी और खाद की कीमतें बढ़ने से खेती की लागत बढ़ने की चिंता व्यक्त की थी। गन्ने का भाव 450 रुपये प्रति क्विंटल करने से किसानों को बढ़ी हुई लागत की भरपाई में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि गन्ने का भाव बढ़ने से किसान इसकी खेती करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इससे गन्ने की अधिक पैदावार होगी और चीनी मिलों को पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध हो सकेगा। इससे मिलें अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकेंगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अगले वर्ष का भाव पहले से घोषित होने पर किसानों को अपनी खेती की योजना बनाने में आसानी होगी। राष्ट्रीय स्तर पर गन्ने की कमी के बीच यह कदम किसानों को दूसरी फसलों की ओर रुख करने से रोकने में भी मदद करेगा।

किशोरावस्था के मानसिक स्वास्थ्य देखभाल में माता-पिता को करेगा शामिल : आरती सिंह राव

-एनएचएम हरियाणा और स्कूल शिक्षा विभाग 'साथ' (SAATH) कार्यक्रम शुरू करने के लिए तैयार

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा स्कूली बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा , इसके लिए स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारियों के साथ मिलकर एक वार्षिक 'साथ' (SAATH — Support & Awareness for Adolescents Through Parents) गतिविधि कैलेंडर तैयार किया जाएगा।

आरती सिंह राव ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से 'साथ' कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह एक राज्यव्यापी कार्यक्रम है जो स्कूलों को माता-पिता, शिक्षकों और स्वास्थ्य प्रणाली के बीच एक नियमित बैठक स्थल में बदल देगा। स्कूलों में आयोजित होने वाले मासिक सत्रों के माध्यम से, 10 से 19 वर्ष की आयु (कक्षा 6वीं से 12वीं) के किशोरों के माता-पिता

और अभिभावक भावनात्मक तनाव के शुरुआती लक्षणों को पहचानना, अपने बच्चों से खुलकर बात करना और मदद के लिए सही जगह से संपर्क करना सीखेंगे। किसी भी समस्याग्रस्त बच्चे को एक स्पष्ट प्रक्रिया के तहत सहायता दी जाएगी: शिक्षक या माता-पिता से स्कूल काउंसलर, फिर सीएचसी (CHC), किशोर स्वास्थ्य या आरबीएसके (RBSK) सेवाओं तक, और आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ देखभाल तक — जहाँ हर चरण में फॉलो-अप सुनिश्चित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा के मिशन निदेशक डॉ. आर. एस. ढिल्लों ने इस बारे में आगे जानकारी देते हुए बताया कि किशोरावस्था अपने साथ परीक्षा का दबाव, सहपाठियों के साथ मनमुटाव, बुलिंग (चिढ़ाना या डराना), डिजिटल एक्सपोजर और कुछ मामलों में तंबाकू, शराब या नशीली दवाओं का शुरुआती सेवन लेकर आती है। इनमें से अधिकांश समस्याएं सबसे पहले घर पर दिखाई देती हैं। फिर भी माता-पिता अक्सर इस बात पर विश्वसनीय जानकारी पाने में पीछे रह जाते हैं कि क्या सामान्य है और किस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। 'साथ' कार्यक्रम इसी अंतर को खत्म करने का प्रयास करता है। इसके सत्रों में मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक तंदुरुस्ती, बुलिंग, हिंसा, नशीले पदार्थों के सेवन के जोखिम और कब तथा कैसे मदद ली जाए, जैसे विषयों को शामिल किया गया है। इसमें व्यावहारिक बातों पर जोर दिया गया है कि बिना किसी पूर्वाग्रह के बच्चों की बात कैसे सुनें, बातचीत का जरिया हमेशा कैसे खुला रखें और किन चेतावनी संकेतों को कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

डॉ. ढिल्लों ने आगे कहा कि हमारे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को भाग्य के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता, और न ही यह केवल स्कूलों या अस्पतालों की जिम्मेदारी हो सकती है। बच्चे में जब भी कोई बदलाव आता है, तो माता-पिता सबसे पहले उसे पहचानते हैं, और 'साथ' के माध्यम से हम उन्हें सुनने, समझने और समय पर कदम उठाने के लिए सक्षम बनाना चाहते हैं।

हरियाणा के राज्यपाल ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का किया आह्वान

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें : राज्यपाल

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के प्रबंधक मंडल की 83वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए गत वर्ष आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि महोत्सव को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने तथा श्रद्धालुओं और पर्यटकों के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, सांसद श्री नवीन जिन्दल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, विधायक श्री अशोक अरोड़ा, मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

राज्यपाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुविधा के लिए परिवहन सेवाओं और कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ करना आवश्यक है। उन्होंने मेला क्षेत्र तक आवागमन को सुगम

बनाने, बस सेवाओं का विस्तार करने तथा मेले के दौरान बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया, ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे महोत्सव का भरपूर आनंद ले सकें।

प्रो. असीम कुमार घोष ने बोर्ड के सदस्यों और जिला प्रशासन से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए इन व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बेहतर योजना, समन्वित प्रयासों और व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार के माध्यम से इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को और अधिक भव्य, सुव्यवस्थित एवं आगंतुकों के लिए सुविधाजनक बनाया जाएगा।

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने 'डिजिटल हेरिटेज ऐप' तथा 'कुरुक्षेत्र सारथी मोबाइल ऐप' का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती समारोह का आयोजन 5 से 25 दिसंबर तक किया जाएगा। इस दौरान अनेक धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। लोगों को जागरूक करने के लिए 2 दिसंबर को यात्रा शुरू की जाएगी, जो 48 कोस के क्षेत्र में स्थित 182 तीर्थ स्थलों पर जाएगी। इसके अलावा 4 दिसंबर को पिपली से शोभायात्रा निकाली जाएगी। भागवत कथा, गीता सम्मेलनों के अलावा हरियाणा के गठन के 60 साल पूरे होने पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। शिक्षाविदों के आयोजनों के अलावा युवाओं को संस्कारवान एवं चरित्रवान बनाने के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल एवं दिल्ली पार्टनर स्टेट के रूप में भाग ले रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती पर लगाई जाने वाली प्रदर्शनी में इसरो, नौसेना, वायुसेना और आईसीसीआर भी भाग लेंगे। इस दौरान शिल्पकार एवं गीता पुस्तक मेला भी लगाया जाएगा। इसमें विश्वस्तरीय शिल्पकार भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर 18 से 20 दिसंबर तक गीता जयंती समारोह आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान प्रदेश के हर गांव के मंदिर में गीता पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा देश के सभी केंद्रीय विद्यालयों एवं जवाहर नवोदय विद्यालयों में भी विद्यार्थियों की सहभागिता की जाएगी।

प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में स्ट्रोक से बचाव के लिए उपलब्ध हैं बेहतर इलाज-सुविधाएं : आरती राव

-सलाह ,स्ट्रोक से बचाव के लिए अपनाएं स्वस्थ जीवनशैली

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने "विश्व स्ट्रोक दिवस" (29 अक्टूबर 2026) के अवसर पर प्रदेशवासियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की है, ताकि स्ट्रोक (मस्तिष्क के दौरे) के खतरों से मुक्त रहा जा सके। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिला सिविल अस्पतालों में बेहतर स्ट्रोक केयर सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्ट्रोक जैसी आपात स्थिति में "हर मिनट जरूरी होता है", इसलिए सही समय पर इसके लक्षणों की पहचान करना और तुरंत इलाज पाना बेहद महत्वपूर्ण है। आरती सिंह राव ने स्ट्रोक के शुरुआती लक्षणों की पहचान के लिए "जल्दी करें" (BE FAST) सूत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति को अचानक संतुलन खोना, देखने में धुंधलापन आना, चेहरे के एक तरफ अचानक कमजोरी या झुकाव व सुन्नपन आना,

बांह में कमजोरी या सुन्नता महसूस होना, अथवा बोलने में कठिनाई या अस्पष्ट वाणी होना जैसी समस्या महसूस होती है, तो यह स्ट्रोक का संकेत हो सकता है। ऐसे में बिना समय गंवाए (Time - T) तुरंत आपात स्थिति के लिए 112 नंबर पर कॉल करें और मरीज को नजदीकी जिला सिविल अस्पताल लेकर जाएं।

इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों को सतर्क करते हुए कहा कि ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और वजन को हमेशा नियंत्रण में रखकर स्ट्रोक के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने स्ट्रोक से बचाव के उपाय बताते हुए लोगों को अत्यधिक नमक और मीठी चीजों का सेवन कम करने, नियमित रूप से शारीरिक गतिविधि करने तथा तंबाकू एवं शराब के सेवन से पूरी तरह दूर रहने की सलाह दी। आरती सिंह राव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा द्वारा आमजन की जागरूकता और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।

हरियाणा सरकार की विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं आम नागरिकों को अभिलेखी कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान की तैयारी

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा राज्य अभिलेखागार विभाग द्वारा राज्य की प्रशासनिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक अभिलेखी धरोहर के संरक्षण, प्रबंधन और अध्ययन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "धरोहर शास्त्री इंटर्नशिप कार्यक्रम" का शुभारंभ किया जा रहा है, जो हरियाणा की दस्तावेज़ी विरासत से सीखने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है, जो अनुभवात्मक शिक्षा, कौशल विकास एवं धरोहर जागरूकता को प्रोत्साहित करता है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह इंटर्नशिप कार्यक्रम विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं आम नागरिकों को अभिलेखी कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न विषयों के लिए पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं, जिसमें इतिहास विषय के लिए डिप्लोमा धारक, स्नातक (द्वितीय वर्ष से), स्नातकोत्तर व शोधार्थी पात्र हैं; अभिलेख विज्ञान के लिए इतिहास, धरोहर या पुरातन विषयों में रुचि रखने वाले न्यूनतम स्नातक आवेदक आवेदन कर सकते हैं; पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के लिए उपयुक्त शैक्षणिक दस्तावेजों सहित विदेशी नागरिक भी पात्र हैं; वहीं अन्य सामाजिक विज्ञान एवं मानवीकी विषयों के लिए मान्यता प्राप्त संस्थान या प्रासंगिक पृष्ठभूमि वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इन सभी विषयों के अंतर्गत इंटर्नशिप की अवधि 1 माह निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करते समय अपना अनिवार्य सीवी (CV), उद्देश्य विवरण (Statement of Purpose) तथा अन्य सहायक दस्तावेजों के साथ रजिस्ट्रेशन फॉर्म भर सकते है। प्रवक्ता के अनुसार इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषताओं में हरियाणा की अभिलेखी धरोहर व दस्तावेजों से जुड़ने का अवसर, संरक्षण, अभिलेखीकरण व डिजिटलीकरण की व्यावहारिक समझ तथा शैक्षणिक एवं व्यावसायिक कौशल विकास का उत्कृष्ट माध्यम शामिल है।

5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे अंबाला में 'आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक-1857" का लोकार्पण : अनिल विज

गृह मंत्री अमित शाह के आगमन पर अंबाला छावनी के गांधी ग्राउंड में आयोजित जनसभा में जुटेंगे लोग : मंत्री अनिल विज

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि आगामी 5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह अंबाला छावनी में निर्मित ''आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक-1857'' का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद अंबाला छावनी के गांधी ग्राउंड में एक जनसभा आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि हरियाणा के सभी सभी शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को सरकारी खर्च पर शहीद स्मारक दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि "आजादी की लड़ाई में जिसने भी एक कदम आगे बढ़ाया, मैं उसके चरण स्पर्श करता हूं। हमारा उद्देश्य उन सभी वीरों को सम्मान देना है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और जिनके योगदान को उचित पहचान नहीं मिल पाई''। वहीं,



श्री विज ने दावा किया कि 1857 की क्रांति के बाद सितंबर, 1857 में अंबाला छावनी में 5वीं और 60वीं नेटिव इन्फैंट्री के सैनिकों को परेड ग्राउंड में महज 10 मिनट के भीतर 135 सैनिक मारे गए, 33 को बंदी बना लिया गया और लगभग 40 सैनिक भागने में सफल रहे।

श्री विज आज यहां अम्बाला छावनी के पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ''आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक-1857'' ऐतिहासिक स्मारक के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण तथ्य साझा करना जरूरी है। विशेष रूप से दो सवालों का जवाब जानना आवश्यक है कि यह स्मारक अंबाला छावनी में ही क्यों बनाया गया है और 1857 की क्रांति को आजादी की पहली लड़ाई क्यों कहा जाता है।

श्री विज ने कहा कि अंबाला छावनी में शहीद स्मारक बनाने का प्रमुख आधार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के पूर्व प्रमुख डॉ. के. सी. यादव द्वारा अपने शोध और पुस्तक में प्रस्तुत तथ्य हैं। उनके शोध के अनुसार, 1857 की क्रांति, जिसे अंग्रेजों ने 'म्यूटिनी' यानी सैनिक विद्रोह कहा था, मेरठ से लगभग नौ घंटे पहले अंबाला छावनी में शुरू हो गई थी। उन्होंने कहा कि इस विषय पर उन्होंने स्वयं भी गहन शोध किया है और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जुटाए हैं।

डीटीपीई की टीम ने तीन अवैध कालोनियों पर चलाया पीला पंजा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। डीटीपीई की टीम ने गुरुवार को पटौदी क्षेत्र के खेतियावास, पहाड़ी व नरहेड़ा गांवों में अवैध रूप से काटी गई कालोनियों पर पीला पंजा चलाया। इस दौरान भारी पुलिस बल भी उपस्थित रहा। डीटीपीई की टीम ने तोड़फोड़ अभियान के दौरान सड़क नेटवर्क को भी उखाड़ दिया। डीटीपीई अमित मधोलिया के अनुसार गांव खेतियावास, पहाड़ी व नरहेरा के राजस्व क्षेत्रों में काटी गई अवैध कालोनियों को लेकर शिकायत मिली थी। जिस पर पुलिस बल की सहायता से गुरुवार को तोड़फोड़ अभियान चलाया। टीम ने गांव खेतियावास के राजस्व क्षेत्र में करीब एक एकड़ की काटी गई अवैध कॉलोनी, डीपीसी के स्तर पर 15 निर्माणाधीन मकानों के अलावा तीन बाउंड्रीवाल को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा मिट्टी की बनी पूरी सड़क प्रणाली को उखाड़ दिया गया। टीम ने गांव पहाड़ी के राजस्व क्षेत्र में करीब पौने एक एकड़ की एक अवैध कॉलोनी, जिसमें बाउंड्री वॉल के 3 ढांचों को ध्वस्त कर दिया गया और मिट्टी की बनी पूरी सड़क प्रणाली को उखाड़ दिया गया। गांव नरहेरा के राजस्व क्षेत्र में लगभग 2.25 एकड़ में काटी जा रही अवैध कॉलोनी, में एक प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय के अलावा 700 रनिंग मीटर लंबी बाउंड्री वॉल को ध्वस्त कर दिया गया।

कार की टक्कर से बाइक पर सवार बैंककर्मी महिला गंभीर रूप से घायल

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। डीएलएफ फेज-3 क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक पर सवार बैंककर्मी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में महिला के बाएं हाथ, कंधे समेत शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली के राजौरी गार्डन निवासी विनती सौंध (31) ने पुलिस को बताया कि वह डाउनटाउन-4 स्थित नेशनल ऑस्ट्रेलियन बैंक में काम करती हैं। 27 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब 2:10 बजे उन्होंने ऑफिस से घर जाने के लिए बाइक बुक की थी। बाइक चालक का नाम जीवन लाल द्विवेदी बताया गया है। करीब 500 मीटर आगे जाने पर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला सडक़ पर गिर गईं और कुछ देर के लिए बेहोश हो गईं। मौके पर मौजूद डीएलएफ के सुरक्षा गार्डों ने एंबुलेंस बुलाकर उन्हें सेक्टर-24 स्थित नारायणा अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर उनके पति और ऑफिस के कर्मचारी भी अस्पताल पहुंचे। महिला ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद कार चालक मौके से चला गया। डीएलएफ फेज-3 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और हादसे की जांच कर रही है।

केएमपी हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। केएमपी हाईवे पर आईकैट कंपनी के पास सडक़ किनारे खड़े होकर लिफ्ट का इंतजार कर रहे एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। मृतक की पहचान रामबीर (52) निवासी गांव शुक्रताल, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, रामबीर करीब छह महीने पहले रोजगार के लिए मानेसर के गांव मोकलवास आया था। वह सर्वोदय कंपनी में ड्राइवर के तौर पर काम करता था और कंपनी में ही रहता था। शिकायतकर्ता राममेहर ने बताया कि 27 अक्टूबर 2026 को शाम करीब सात बजे कंपनी में छुट्टी होने के बाद उसका भाई घर जाने के लिए केएमपी हाईवे पर आईकैट कंपनी के पास किसी वाहन से लिफ्ट लेने के इंतजार में खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आए एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर चोटें लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। 28 अक्टूबर को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और शव को नागरिक अस्पताल गुरुग्राम की मोर्चरी में रखवाया गया। बाद में मृतक के भाई ने थाने पहुंचकर शिकायत दी। आईएमटी सेक्टर-7 मानेसर थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 और 106 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान करने के लिए जांच कर रही है।

बाइक की टक्कर से महिला की मौत, चालक पर केस दर्ज

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-62 में रेडलाइट के आगे सडक़ पार कर रही महिला को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान रोहतक पीजीआई में मौत हो गई। पुलिस ने पति की शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में संतोष निवासी मिश्रीपुर, जिला हमीरपुर (उत्तर प्रदेश) ने बताया कि वह परिवार के साथ गुरुग्राम के सेक्टर-62 में किराये पर रहता है और मजदूरी करता है। उसकी पत्नी गीता सेक्टर-57 में घरेलू सहायिका का काम करती थी। शिकायत के अनुसार, 27 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 6:20 बजे संतोष अपनी पत्नी के साथ सेक्टर-57 से घर लौट रहा था। सेक्टर-62 रेडलाइट के आगे सडक़ पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने उसकी पत्नी को टक्कर मार दी। हादसे में गीता गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक पर दो युवक सवार थे। चालक ने अपना नाम सक्षम निवासी समालखा, पानीपत बताया। घायल गीता को सेक्टर-10 स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेक्टर-65 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स में हनी यादव ने जीता सिल्वर मेडल

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम के हनी यादव ने अंडर-18 वर्ग की 1000 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में हनी ने 2 मिनट 26.71 सेकंड का बेहतरीन समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। गोल्ड के लिए भी कांटे की टक्कर देखने को मिली। हनी की इस उपलब्धि के बाद उनके कोच,खेल क्लब और परिजनों में खुशी की लहर है।खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर हनी ने साबित कर दिया है कि वह भारतीय एथलेटिक्स के उभरते हुए सितारे हैंगाँव साढ़राणा में पहुँचने पर हनी यादव का भव्य स्वागत और फुल माला और पगड़ी के साथ मान सम्मान किया पूरे गाँव में खुशी की लहर थी इसी बीच मनीष सैदपुर ज़िला महामंत्री भाजपा गुरुग्राम,मानेसर मेयर डॉ इंद्रजीत सिंह यादव,मनोज यादव जिला पार्षद ने हनी यादव को समानित किया कुलदीप सरपंच,महेंद्र यादव,केहर सिंह यादव,कृष्ण यादव,दिनेश यादव,प्रदीप वशिष्ट,विक्रम यादव,जयकिशन यादव,गोरधन यादव,परमोद यादव,देवेन्द्र चोपड़ा,मनोज यादव,गौरव यादव आदि मौजूद रहे।

गुरुग्राम के बांसलांबी गांव के बेटे ने रचा इतिहास, दुनिया के शीर्ष 2 पर्सेंट वैज्ञानिकों में शामिल हुए डॉ. हरीश कुमार

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी-एल्सेवियर की प्रतिष्ठित सूची में नाम कराया दर्ज

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम के छोटे से गांव बासलाम्बी के रहने वाले डॉ. हरीश कुमार ने अपनी मेहनत और लगन से गांव, जिला व प्रदेश का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। उन्हें अमेरिका की प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और प्रकाशन संस्था एल्सेवियर द्वारा जारी "विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों" की सूची में स्थान मिला है। यह सूची हर साल दुनिया भर के लाखों शोधकर्ताओं में से उन वैज्ञानिकों को चुनती है, जिनके शोध का वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक प्रभाव रहा है।

अशोक कुमार और ललिता देवी के बेटे डॉ. हरीश कुमार वर्तमान में ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, गुरुग्राम में चेयरपर्सन (रिसर्च) एवं मार्केटिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। उन्होंने देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान एमडीआई (मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट), गुरुग्राम से पीएचडी की है।

साधारण शुरुआत, असाधारण उपलब्धि

डॉ. हरीश ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से बी.कॉम (ऑनर्स) किया इसके बाद वर्ष 2018 में उन्होंने यूजीसी-जेआरएफ (मैनेजमेंट) परीक्षा में पूरे भारत में तीसरी रैंक हासिल की थी। पीएचडी से पहले उन्होंने करीब 500 विद्यार्थियों को यूजीसी नेट-जेआरएफ की तैयारी भी कराई। डॉ. हरीश का शोध ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर), वर्चुअल रियलिटी और जनरेटिव एआई जैसी आधुनिक तकनीकों के उपभोक्ता व्यवहार पर प्रभाव से जुड़ा है। वे अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर की उच्च श्रेणी की पत्रिकाओं में 17 शोध पत्र प्रकाशित कर चुके हैं। वे जर्मनी, अमेरिका और फ्रांस के प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों के साथ मिलकर शोध कर रहे हैं। उनकी लिखी केस स्टडी हार्वर्ड बिजनेस पब्लिशिंग पर उपलब्ध हैं, जिन्हें दुनिया भर के बिजनेस स्कूलों में पढ़ाया जा सकता है। अमेरिका के लास वेगास सहित कई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में उन्हें बेस्ट पेपर अवार्ड मिल चुका है। उन्होंने ग्रेट लेक्स में "स्पेशियल रियलिटी लैब' की स्थापना भी की है। वे अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हैं। डॉ. हरीश ने कहा, "मैं एक गांव से आता हूं। मेरे माता-पिता ने हमेशा सिखाया कि शिक्षा ही वह पूंजी है जिसे कोई छीन नहीं सकता। अगर गांव का एक बच्चा दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों में जगह बना सकता है, तो हर बच्चा बड़े सपने देख सकता है।

ग्रामीण युवाओं के लिए दिए संदेश

डॉ. हरीश ने युवाओं, खासकर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए ये संदेश देते हुए कहते हैं कि आपका गांव या पृष्ठभूमि आपकी सीमा तय नहीं करती, आपकी मेहनत करती है। इसलिए हमेशा सपने बड़े देखें। हर बेटे और बेटी की शिक्षा पर किया गया खर्च परिवार और समाज का सबसे अच्छा निवेश है। सफलता एक दिन में नहीं मिलती। रोज थोड़ा-थोड़ा सीखना ही बड़ी उपलब्धि की नींव है। असफलता से न डरें: मेरे कई शोध पत्र पहले अस्वीकार हुए, लेकिन हर अस्वीकृति ने मुझे बेहतर बनाया। ज्ञान बांटें: जो सीखें, उसे दूसरों तक पहुंचाएं। एक शिक्षित व्यक्ति पूरे गांव को बदल सकता है। अंत में डॉ. हरीश ने कहा कि "परिस्थितियां यह तय करती हैं कि आप कहां से शुरू करेंगे, पर सपने यह तय करते हैं कि आप कहां तक पहुंचेंगे।

बालाजी से लौट रहे परिवार की कार बस में घुसी, पति-पत्नी व बच्ची की मौत, दो बच्चे गंभीर

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सोहना एरिया में गुरुवार तडक़े भीषण सडक़ हादसे में दंपती और उनकी बच्ची की मौत हो गई, जबकि परिवार के दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। बालाजी के दर्शन कर दिल्ली लौट रही परिवार की कार सडक़ किनारे खड़ी टूरिस्ट बस में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान चलाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों और दुर्घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, बिहार के बांका जिला निवासी बबन कुमार करीब 14 वर्षों से परिवार के साथ दिल्ली के रजोकरी में किराये पर रह रहे थे। बबन कुमार पेशे से टैक्सी चालक थे। वह पत्नी रूपा देवी और बच्चों के साथ राजस्थान स्थित बालाजी मंदिर में दर्शन करने गए थे। परिवार कार से दिल्ली लौट रहा था। गुरुवार तडक़े करीब सवा तीन बजे धुनेला गांव के पास उनकी कार सडक़ किनारे खड़ी टूरिस्ट बस से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की रफ्तार काफी तेज थी।

टक्कर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त: बस से टकराने के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण उसमें फंसे लोगों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बचाव दल ने दो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

दंपती और बच्ची की मौत, दो बच्चे गंभीर: हादसे में बबन कुमार, उनकी पत्नी रूपा देवी और नौ साल की बेटी माही की मौत हो गई। परिवार के दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें 11 वर्षीय आयुष व एक साल की बेटी शामिल है। दोनों बच्चों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। तीनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए सोहना के नागरिक अस्पताल में रखवाए गए हैं।

फायर अधिकारी का कहना:

फायर ब्रिगेड अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण उसमें फंसे लोगों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। टीम ने कार में फंसे दो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला, जबकि दंपती और उनकी छोटी बच्ची की मौत हो गई। फायर ब्रिगेड अधिकारी के अनुसार, जिस टूरिस्ट बस से कार टकराई, उसमें कोई सवारी मौजूद नहीं थी।

दिनभर छाए बादल, रुक-रुककर हुई बूंदाबांदी, 15 साल में सबसे ठंडा रहा अक्टूबर का दिन

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में गुरुवार को दिनभर बादलों की आवाजाही रही और रुक-रुककर कई बार बूंदाबांदी हुई। हालांकि गुरुग्राम में एक एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं पिछले 15 साल में गुरुवार का दिन सबसे ठंडा रहा और अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं न्यूनतम तापमान भी पिछले साल में सबसे कम 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर बादल छाए रहने से धूप नहीं निकली और हवा चलने से ठंडक बढ़ गई। दिन में सड़कों पर भी दोपहिया वाहन चालक गर्म कपड़े व जैकेट पहने नजर आए।

जिला में सुबह 5.30 बजे से ही रुक-रुककर कई बार बूंदाबांदी होने व दिन में तेज हवा चलने से मौसम पूरी तरह बदला नजर आया। पटौदी क्षेत्र में दिनभर बूंदाबांदी होती रही। जबकि गुरुग्राम में दोपहर दो बजे करीब 10 मिनट तेज बारिश हुई। इसके बाद हवा चलने से लोगों को गर्म कपड़े पहनने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं बेमौसमी बारिश से लोगों को बीमार होने का भी डर सताने लगा है।

- पिछले 15 साल में अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज

पॉल्यूशन से मामूली राहत, अभी भी एक्यूआई 150 तक दर्ज

वहीं गुरुग्राम में गुरुवार को हुई बूंदाबांदी के बावजूद भी पॉल्यूशन से मामूली ही राहत मिली। जहां गत बुधवार को गुरुग्राम का एक्यूआई 200 से अधिक रहा था, वहीं गुरुवार को एक्यूआई 140 से 150 तक दर्ज किया गया। बूंदाबांदी के बाद सुबह के समय विजिबिलिटी 500 मीटर तक रही।

युवक पर डंडों से हमला कर कार के शीशे तोड़े, जान से मारने की धमकी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। साइबर सिटी गुरुग्राम के सेक्टर-48 में तीन अज्ञात युवकों द्वारा एक व्यक्ति का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट करने और कार में तोडफ़ोड़ करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित पर डंडों से हमला किया और उसकी कार के शीशे तोड़ दिए। वारदात के बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने बुधवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, सेक्टर-33 निवासी गौतम भुटानी ने शिकायत में बताया कि 22 अक्तूबर को वह सेक्टर-48 क्षेत्र से गुजर रहे थे। इसी दौरान तीन अज्ञात युवकों ने अचानक उनकी गाड़ी का रास्ता रोक लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और डंडों से हमला कर दिया। हमले में आरोपियों ने उनके साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद उन्होंने पीड़ित की कार के शीशे भी तोड़ दिए और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

जांच अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही तीनों अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पीएम की राष्ट्र सेवा पर सुपवा की नाट्य प्रस्तुति 30 को

- पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजन, मुख्यमंत्री होंगे मुख्यातिथि

ब्यूरो/ओपन सर्च

चंडीगढ़। दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) रोहतक व प्रदेश सरकार के सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से कल 30 अक्टूबर को पंचकूला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में सेवा संकल्प अभियान के तहत नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान डीएलसीसुपवा के छात्रों द्वारा तैयार किए गए थियेटर 'शून्य से शिखर तक' के जरिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जीवन, संघर्ष, राष्ट्र सेवा व सार्वजनिक जीवन के विभिन्न पहलुओं दर्शाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे।

डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने बताया कि छात्रों द्वारा तैयार 'शून्य से शिखर तक' के माध्यम से प्रधानमंत्री के जीवन की यात्रा व राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को थियेटर के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा। इसके लिए यूनिवर्सिटी की टीम आज रोहतक से पंचकूला के लिए रवाना हो गई है। यह थियेटर सेवा संकल्प के तहत छात्रों ने तैयार किया है। इसमें पीएम के जीवन के विभिन्न पड़ावों, संघर्षों, चुनौतियों और सार्वजनिक सेवा से जुड़े प्रसंगों को नाटकीय रूप में पिरोया गया है। इसका उद्देश्य दर्शकों तक उनकी जीवन यात्रा के विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली तरीके से पहुंचाना है। थियेटर में संवाद, अभिनय, संगीत और मंच सज्जा के माध्यम से कहानी को जीवंत बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि छात्रों ने इसे तैयार करने के लिए नाट्य कला और रचनात्मक अभिव्यक्ति का सहारा लिया है। छात्रों के लिए यह आयोजन अपनी अभिनय प्रतिभा, लेखन, निर्देशन व सामूहिक कार्यक्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर भी है। थियेटर के माध्यम से किसी व्यक्तित्व की जीवन यात्रा को प्रस्तुत करने के लिए तथ्यों, घटनाओं व भावनात्मक प्रसंगों को एक सूत्र में पिरोना महत्वपूर्ण होता है। 'शून्य से शिखर तक' इसी विचार को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है।

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री के. मकरंद पांडुरंग ने बताया कि इंद्रधनुष ऑडिटोरियम पंचकूला में होने वाली इस प्रस्तुति में दर्शकों को नाट्य कला के जरिए राष्ट्र सेवा से जुड़े विचारों व प्रसंगों को देखने का अवसर मिलेगा। ऐसे आयोजन छात्रों को अपनी प्रतिभा सामने लाने के साथ-साथ सामाजिक व राष्ट्रीय विषयों पर रचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का मंच भी प्रदान करते हैं।

उन्होंने बताया कि 'शून्य से शिखर तक' की प्रस्तुति के जरिए छात्रों ने एक ऐसी नाट्य रचना तैयार की है, जिसमें संघर्ष से उपलब्धि तक की यात्रा को रंगमंचीय भाषा में अभिव्यक्त करने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम के दौरान दर्शक अभिनय और संवादों के माध्यम से इस यात्रा के विभिन्न पहलुओं से रूबरू होंगे। उन्होंने बताया कि थियेटर प्रस्तुति के दौरान रंगमंच प्रेमियों व शहरवासियों के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा।

समालखा में 126 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ, सादगी और एकत्व का दिया संदेश

79वें निरंकारी संत समागम के समापन पर सामूहिक विवाह समारोह, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने नवदंपतियों को दिया प्रेम और समर्पण का संदेश

ओपन सर्च/ब्यूरो

समालखा। 79वें निरंकारी संत समागम के समापन के बाद समालखा में आयोजित सामूहिक सादा विवाह समारोह में 126 नवयुगल परिणय सूत्र में बंधे। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता रमित जी की उपस्थिति में आयोजित समारोह में प्रेम, सादगी, समानता और एकत्व का संदेश दिया गया। नवदंपतियों ने सतगुरु से सुखमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह का शुभारंभ पारंपरिक जयमाला और निरंकारी सांझा-हार की रस्म के साथ हुआ। मिशन की प्रधान राजकुमारी जी और अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने नवविवाहित जोड़ों को सांझा-हार पहनाकर उनके सुखद भविष्य की कामना की। इसके बाद हिंदी में निरंकारी लावों का गायन हुआ, जिसमें विश्वास, सम्मान और समर्पण से परिपूर्ण गृहस्थ जीवन की सीख दी गई। अंत में सतगुरु माता जी और निरंकारी राजपिता जी ने नवदंपतियों पर पुष्पवृष्टि कर उन्हें आशीर्वाद दिया।

प्रेम, विश्वास और तालमेल से मजबूत बनाएं रिश्ता: सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने नवदंपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह का संदेश केवल समारोह तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे जीवन में अपनाना चाहिए। पति-पत्नी एक-दूसरे की जिम्मेदारियों को समान रूप से निभाएं और प्रेम, विश्वास व तालमेल के साथ जीवन की परिस्थितियों का सामना करें। उन्होंने

कहा कि दोनों एक-दूसरे की ताकत बनकर आगे बढ़ें तथा सेवा, सुमिरन और सत्संग के मार्ग पर परस्पर सहयोग करें।

उन्होंने नवदंपतियों को एक-दूसरे की कमियों को सहजता से स्वीकार करने, क्षमा और विनम्रता का भाव बनाए रखने तथा दोनों परिवारों के बीच सम्मान और स्नेह के रिश्ते मजबूत करने की प्रेरणा दी। समारोह में सतगुरु माता जी के परिवार के एक सदस्य का विवाह भी सामूहिक सादा विवाह के अंतर्गत संपन्न हुआ।

देश-विदेश के जोड़ों ने लिया हिस्सा: संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित समारोह में बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल सहित ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कनाडा से आए नवयुगलों ने भाग लिया। विभिन्न भाषाओं, क्षेत्रों और संस्कृतियों से जुड़े 126 जोड़ों का एक साथ विवाह बंधन में बंधना समानता, आपसी सद्भाव और वैश्विक भाईचारे का संदेश बना। समारोह ने यह प्रेरणा दी कि वैवाहिक जीवन की मजबूती सादगी, विश्वास, प्रेम और एक-दूसरे के प्रति समर्पण से आती है।

वोट बचाओ-देश बचाओ रैली के लिए हरियाणा कांग्रेस ने झोंकी ताकत, गुरुग्राम में हुई अहम बैठक

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की ओर से 1 नवंबर 2026 को प्रस्तावित वोट बचाओ-देश बचाओ रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए हरियाणा कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। हरियाणा से लाखों कार्यकर्ताओं और समर्थकों को दिल्ली ले जाने के लिए पार्टी ने जमीनी स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को गुरुग्राम के कांग्रेस कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में हरियाणा प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और रैली के गुरुग्राम प्रभारी पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और तैयारियों की समीक्षा की। इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर और जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) वर्धन यादव ने सभी वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया। बैठक में तय किया गया कि गुरुग्राम जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक से अधिक लोगों को रैली में ले जाया जाएगा। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर टीमें बनाई गई हैं, जो घर-घर जाकर लोगों को रैली के उद्देश्य के बारे में बताएंगी। हरियाणा प्रभारी संजय दत्त ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह रैली सिर्फ कांग्रेस की रैली नहीं है, यह देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने की रैली है। आज देश में वोट की चोरी हो रही है, संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाया जा रहा है। राहुल गांधी जी ने जो वोट बचाओ-देश बचाओ का नारा दिया है, वह हर देशभक्त की आवाज है। हरियाणा इस रैली में सबसे आगे रहेगा और गुरुग्राम से ऐतिहासिक भीड़ दिल्ली पहुंचेगी।

प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा की जनता भाजपा सरकार से त्रस्त है। बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। लोगों में भारी आक्रोश है। 1 नवंबर की रैली इस आक्रोश को एक नई दिशा देगी। हमने लक्ष्य रखा है कि हरियाणा से एक लाख से ज्यादा लोग रामलीला मैदान पहुंचेंगे। गुरुग्राम के कार्यकर्ताओं में जो जोश है, उससे यह लक्ष्य आसानी से पूरा होगा। रैली के गुरुग्राम प्रभारी और पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक ने कहा कि गुरुग्राम की जिम्मेदारी मुझे दी गई है, इसे मैं पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। हमने विधानसभा वार, ब्लॉक वार और बूथ वार कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगा दी है। यह रैली हरियाणा में सत्ता परिवर्तन की शुरुआत होगी। आज देश-प्रदेश में भाजपा विरोधी लहर चल रही है। इस लहर में भाजपा सत्ता से बाहर हो जाएगी। जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने कहा कि शहरी क्षेत्र में हमने सभी वार्डों में बैठकें शुरू कर दी हैं। युवा, महिला और व्यापारी वर्ग में रैली को लेकर काफी उत्साह है। लोग खुद कह रहे हैं कि हमें दिल्ली चलना है। हम शहरी क्षेत्र हज़ारो लोगों को लेकर जाएंगे और रैली को सफल बनाएंगे। क्योंकि वोट चोरों के खिलाफ और वोट की रक्षा के लिए हर व्यक्ति तैयार है।जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) वर्धन यादव ने कहा कि ग्रामीण अंचल में कांग्रेस के पक्ष में जबरदस्त माहौल है।

बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए 1 से 30 नवंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

रोजगार विभाग के पोर्टल पर आमंत्रित किए जा रहे हैं आवेदन

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। हरियाणा सरकार के रोजगार विभाग द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के लिए 1 नवंबर 2026 से 30 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पात्र अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल https://www.hrex.gov.in पर निर्धारित अवधि के दौरान आवेदन कर सकते हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए आवेदकों को निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करनी होंगी। आवेदक के पास गुरुग्राम जिले का निवासी प्रमाण-पत्र (डोमिसाइल) तथा परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है। आवेदक का रोजगार कार्यालय में पंजीकरण 1 नवंबर 2026 को कम से कम तीन वर्ष पुराना होना चाहिए तथा उसकी आयु 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

इसके अतिरिक्त, आवेदक के परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक के परिवार की आवासीय एवं वाणिज्यिक संपत्ति का मूल्य 10 लाख रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए अथवा कृषि भूमि दो हेक्टेयर से अधिक नहीं होनी चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास या दसवीं के बाद दो वर्षीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान में विद्यार्थी, प्रशिक्षु या अप्रेंटिस के रूप में कार्यरत अभ्यर्थी इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। विवाहित महिला आवेदक के मामले में परिवार की पात्रता निर्धारित करते समय उसके ससुराल पक्ष के परिवार को शामिल किया जाएगा, न कि माता-पिता एवं भाई-बहन के परिवार को। उन्होंने पात्र अभ्यर्थियों से अपील है कि वे आवेदन करने से पहले सभी निर्धारित शर्तों की जांच कर लें और अंतिम तिथि से पूर्व विभागीय पोर्टल पर अपना आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें।

जनगणना-2027 : फरवरी से शुरू होगी दूसरे चरण की जनसंख्या गणना : डीसी

डीसी उत्तम सिंह ने दी जानकारी, नागरिकों को मिलेगी घर बैठे पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना की सुविधा, इसके बाद प्रगणक घर-घर जाकर एकत्रित करेंगे जानकारी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। भारत की जनगणना-2027 के दूसरे चरण अर्थात जनसंख्या गणना की तैयारियों के तहत गुरुग्राम जिला में प्रशासनिक स्तर पर प्रशिक्षण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस चरण में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार और व्यक्ति से संबंधित निर्धारित जानकारी एकत्रित करेंगे। जनगणना का यह कार्य डिजिटल माध्यम से किया जाएगा, जिसमें मोबाइल एप्लीकेशन और ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डीसी उत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना संचालन निदेशालय, हरियाणा के अनुसार, दूसरे चरण में नागरिक फरवरी 2027 में आरंभ होने वाली जनगणना से पहले घर बैठे स्व-गणना पोर्टल se.census.gov.in के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। यह पोर्टल जनवरी से शुरू होगा। इसके बाद प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी। जनसंख्या गणना के उपरांत पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा, ताकि गणना में छूटे व्यक्तियों एवं परिवारों की पहचान और दर्ज विवरणों में संभावित त्रुटियों का निराकरण किया जा सके।

प्रत्येक व्यक्ति से पूछे जाएंगे निर्धारित 40 प्रश्न: उन्होंने बताया कि जनसंख्या गणना के दौरान निर्धारित प्रश्नावली के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित जानकारी एकत्रित की जाएगी। हरियाणा में जारी प्रशिक्षण संबंधी जानकारी के अनुसार, प्रश्नावली में कुल 40 प्रश्न शामिल होंगे। इनके माध्यम से जनसांख्यिकीय, सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक गतिविधियों, भाषा, प्रवास तथा अन्य निर्धारित विषयों से संबंधित विवरण संकलित किए जाएंगे। इन आंकड़ों का उपयोग देश एवं प्रदेश में विकास योजनाओं के निर्माण, सार्वजनिक सुविधाओं की आवश्यकता का आकलन और विभिन्न क्षेत्रों की जनसंख्या संबंधी आवश्यकताओं को समझने में किया जाएगा।

स्व-गणना के बाद भी होगा विवरणों का सत्यापन

डीसी ने कहा कि जनगणना के दूसरे चरण में स्व-गणना की सुविधा नागरिकों के लिए अतिरिक्त विकल्प के रूप में उपलब्ध होगी। ऑनलाइन माध्यम से जानकारी दर्ज करने वाले परिवारों के विवरणों का भी प्रगणकों द्वारा घर जाकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सत्यापन किया जाएगा। इससे जनगणना के आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करने तथा किसी व्यक्ति या परिवार के छूटने अथवा दोहरी गणना की संभावना को कम करने में सहायता मिलेगी। नागरिकों से अपील की जाएगी कि वे स्व-गणना के दौरान सभी जानकारियां सही एवं सावधानीपूर्वक दर्ज करें और सत्यापन के समय प्रगणकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

एक नवंबर की महारैली को लेकर सोहना में कांग्रेस की बड़ी बैठक, भारी संख्या में कार्यकर्ताओं से किया दिल्ली पहुंचने का आवाहन

धर्मपाल मलिक के नेतृत्व में लोहिया धर्मशाला में जुटे कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेंद्र भारद्वाज एवं जिला अध्यक्ष वर्धन यादव ने की तैयारियों की समीक्षा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। आगामी एक नवंबर को आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ–देश बचाओ' महारैली एवं मार्च की तैयारियों को लेकर कांग्रेस ने सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बुधवार को सोहना के भगत सिंह चौक स्थित लोहिया धर्मशाला में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान महारैली की तैयारियों, संगठनात्मक समन्वय, जनसंपर्क और कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का नेतृत्व हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं अनुशासन समिति के चेयरमैन श्री धर्मपाल मलिक ने किया जिसमे वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेंद्र भारद्वाज उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी गुरुग्राम ग्रामीण के अध्यक्ष वर्धन यादव ने की। बैठक में सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक नवंबर रमीलिया मैदान की तैयारियों को लेकर अपने सुझाव रखे। नेताओं ने संगठन की सक्रियता बढ़ाने, आपसी तालमेल मजबूत करने और महारैली के संदेश को आम नागरिकों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।

लोकतंत्र की असली ताकत जनता का मताधिकार : धर्मपाल मलिक

बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता धर्मपाल मलिक ने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद जनता के मताधिकार और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर टिकी होती है। प्रत्येक नागरिक के वोट का समान महत्व है और चुनावी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के माध्यम से मताधिकार, संविधान और चुनावी पारदर्शिता से जुड़े मुद्दों को उठा रही है। उन्होंने संगठनात्मक अनुशासन, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और कार्यक्रम की व्यवस्थित तैयारियों को महत्वपूर्ण बताया। धर्मपाल मलिक ने कहा कि किसी भी बड़े संगठनात्मक आयोजन की सफलता कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास और जिम्मेदारियों के प्रभावी निर्वहन पर निर्भर करती है।

वोट का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा, इसकी रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी : जितेंद्र भारद्वाज

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेंद्र भारद्वाज ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 'वोट बचाओ–देश बचाओ' केवल एक नारा नहीं, बल्कि संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए चुनावी प्रक्रिया का निष्पक्ष और पारदर्शी होना अत्यंत आवश्यक है। कांग्रेस पार्टी इन मुद्दों को लगातार प्रमुखता से उठा रही है।

समाधान शिविर में डीसी उत्तम सिंह ने सुनी आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश

वृद्धजनों, महिलाओं और दिव्यांगजनों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ करें निपटारा : डीसी उत्तम सिंह

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। डीसी उत्तम सिंह ने वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना है। अधिकारी प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

प्रत्येक सोमवार तथा वीरवार को जिला स्तर एवं उपमंडल स्तर पर की जा रही जन शिकायतों की सुनवाई

प्रत्येक सोमवार तथा वीरवार को जिला स्तर पर लघु सचिवालय तथा उपमंडल स्तर पर एसडीएम कार्यालय पर आयोजित समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन को विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए एक ही स्थान पर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। प्रात: 10 से 12 बजे के बीच शिविर में परिवार पहचान पत्र में आय संबंधी विवरण ठीक करवाने, पेंशन से जुड़े मामलों, संपत्ति एवं स्वामित्व संबंधी कार्यों, बिजली-पानी की शिकायतों तथा परिवार पहचान पत्र में दर्ज अन्य गलत विवरण को दुरुस्त करवाने सहित विभिन्न नागरिक सेवाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। संबंधित विभागों के अधिकारी शिकायतों की जांच कर नियमानुसार मौके पर समाधान करने अथवा निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। इससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों में जाने की आवश्यकता कम हो रही है और शासन-प्रशासन के प्रति उनका विश्वास भी मजबूत हो रहा है। शिविर में एडीसी सोनू भट्ट, एसीपी नवीन शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

वृद्धजनों और दिव्यांगजनों की समस्याओं पर विशेष संवेदनशीलता से करें कार्रवाई : डीसी

डीसी उत्तम सिंह ने शिविर में आई 13 शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की शिकायत को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना जाए। विशेष रूप से वृद्ध महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारी उनकी शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि शिकायत का समाधान केवल औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि नागरिक को वास्तविक एवं स्थायी राहत मिलनी चाहिए। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर सरकार की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके तहत आमजन की समस्याओं का सरल, सुगम और समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा नागरिकों को पारदर्शी तरीके से सरकारी सेवाओं का लाभ उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

विदेशी नंबर से कॉल कर शराब कारोबारी से मांगी फिरौती, नाबालिग समेत दो काबू

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। विदेशी नंबर से कॉल कर वाइन शॉप के मालिक से फिरौती मांगने के आरोप में गुरुग्राम पुलिस ने एक युवक और उसके 15 वर्षीय नाबालिग साथी को काबू किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने इंटरनेट से वर्चुअल विदेशी नंबर हासिल कर वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई थी। गिरफ्तार युवक की पहचान सुमित (25) निवासी सिकंदरपुर बढ़ा, गुरुग्राम के रूप में हुई है। वह गुरुग्राम कोर्ट में एक वकील के पास मुंशी का काम करता है, जबकि नाबालिग आठवीं कक्षा का छात्र है।

एसीपी क्राइम इंदीवर ने पत्रकारों से बातचीत में जानकारी देते हुए बताया कि शराब की दुकानों के लाइसेंस धारक ने 28 अक्टूबर को फर्रुखनगर थाने में शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 25 अक्टूबर को दोपहर 12:41 बजे उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को अमेरिका से बात करने वाला बताते हुए पैसों की मांग की और रुपये नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 28 अक्टूबर को मामला दर्ज किया।

जिसके बाद फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने तकनीकी सहायता और जुटाई गई जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए 29 अक्टूबर को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि सुमित ने इंटरनेट से वर्चुअल विदेशी नंबर हासिल किया था। इसके बाद उसने अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर शराब कारोबारी से फिरौती मांगने की योजना बनाई। पुलिस के मुताबिक, कॉल करने की जिम्मेदारी नाबालिग ने निभाई थी। जांच में यह भी सामने आया कि यदि शिकायतकर्ता फिरौती देने के लिए तैयार हो जाता, तो रकम सुमित को प्राप्त करनी थी। मोबाइल फोन बरामद करने के प्रयास: पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर लगी प्रतिमाओं के सही रखरखाव की उठी जोरदार मांग

महापुरुषों,शहीदों और सभी धर्मों के आराध्यों की सार्वजनिक प्रतिमाओं को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखेगा लोक सेवा मंच

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर लगी महापुरुषों,शहीदों व सभी धर्मों के आराध्यों की प्रतिमाओं की सम्मानजनक देखरेख, सौंदर्यकरण, रात्रि लाइटिंग,माल्यार्पण एवं साज-सज्जा की स्थायी व्यवस्था तुरंत शुरु करके व्यावहारिक तौर पर रेगुलर अमल में लाने को लेकर राष्ट्रीय सामाजिक संगठन लोक सेवा मंच ने जोरदार आवाज बुलंद की है ।

इस सिलसिले में राष्ट्रीय प्रगतिशील विचारक एवं समाजविद अशोक प्रधान लोक सेवा मंच ने विश्वकर्मा समाज तथा शहर के आम नागरिकों के साथ स्थानीय झज्जर चौक स्थित भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके जनसंवाद किया और गगनभेदी नारों के बीच उक्त अभियान की औपचारिक शुरुआत की । इस अवसर पर कोर कमेटी के सदस्य

महेश कौशिक,बीके राम सिंह,राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,डॉ. सुरेश कुमार,राजीव कुमार,जगमोहन यदुवंशी,सुरेश शर्मा,विश्वकर्मा समाज के सीनियर लीडर नरेश शर्मा,प्यारेलाल जांगड़ा,निखिल जांगिड़,सुमित शर्मा,प्रीतम शर्मा,सतीश जांगिड़,नितिन शर्मा,रामा फर्नीचर्स के प्रो. चंद्र प्रकाश,दुष्यंत कुमार,काठमण्डी व्यापार संगठन के अध्यक्ष विकास गुप्ता,खजांची दमन शर्मा,जांगिड़ ब्राह्मण शाखा सभा रेवाड़ी के अध्यक्ष सतपाल जांगड़ा तथा लोक सेवा मंच के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभिषेक कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित थे ।

इस अवसर पर हुई बैठक में विचार-विमर्श के उपरांत राष्ट्रीय प्रगतिशील विचारक एवं समाजविद अशोक प्रधान ने कहा कि सार्वजनिक जगहों पर लगी महापुरुषों,शहीदों व विभिन्न धर्मों के आराध्यों की अधिकांश प्रतिमाओं और इनके स्थापना स्थलों के आसपास साफ-सफाई और रखरखाव आदि के हालात उपयुक्त नहीं हैं,बारिश व धूप से बचाव के लिए अनेक प्रतिमाओं पर छतरियां लगाने की तुरंत आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि जनहित में जिला प्रशासन,डीएमसी,नगर परिषद चेयरमैन, स्थानीय विधायक,सांसद को मिलकर सभी प्रतिमाओं की सुचारू ढंग से साज-सज्जा,सौंदर्यकरण,फाउंडेशन रिपेयरिंग आदि की आवश्यकतानुसार रेगुलर देखरेख व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए । लोक सेवा मंच की ओर से इस सिलसिले में मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा जाएगा । उन्होंने कहा कि महापुरुषों,शहीदों और सर्व धर्मराध्यों से ही नागरिक,परिवार,समाज प्रेरणा पाकर अपने सामाजिक जीवन में सुकून और भौतिक जीवन में आगे बढ़ते हैं,इसलिए ऐसी प्रतिमाओं की सम्मानजनक देखरेख की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए । उन्होंने कहा कि शहर व देहात में चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित ऐसी सभी प्रतिमाओं का इस दिशा में समाधान होने तक मेगा मिशन जनसंपर्क अभियान के तहत लोक सेवा मंच जनसहयोग से जोरदार आवाज बुलंद करेगा ।

नूंह के हरे प्याज से दिल्ली की मंडी में रौनक, मेवात किसानों की बढ़ी आमदनी

जिले में लगभग 8,000 हेक्टेयर क्षेत्र में होती है प्याज की खेती, किसानों को सूक्ष्म सिंचाई अपनाने पर मिल रहा अनुदान : डॉ. अब्दुल रज्जाक

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। जिला नूंह में हरे प्याज की मांग दिल्ली की मंडियों में लगातार बनी हुई है। जिले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगभग 7,720 हेक्टेयर क्षेत्र में प्याज की खेती की गई है। यहां उत्पादित हरा प्याज दिल्ली की मंडियों में पहुंच रहा है, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने के अवसर मिल रहे हैं। जिला बागवानी अधिकारी डॉ. अब्दुल रज्जाक ने बताया कि नूंह जिले की जलवायु और मिट्टी प्याज की खेती के लिए अनुकूल है। जिले में प्याज की खेती किसानों की आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। डॉ. अब्दुल रज्जाक ने बताया कि जिले में किसान लगभग 8,000 हेक्टेयर क्षेत्र में प्याज की फसल उगाते हैं। अधिकांश किसान सूक्ष्म सिंचाई विधियों को अपनाकर खेती की लागत और पानी की खपत कम करने का प्रयास कर रहे हैं। जिले में प्याज की खेती से किसानों को रोजगार के अवसर भी मिलते हैं। मेवात क्षेत्र के कई गांवों में प्याज की फसल प्रमुखता से उगाई जाती है। फिरोजपुर-झिरका क्षेत्र में भी किसान बड़े पैमाने पर प्याज की खेती करते हैं। कई किसान अपनी उपज को वाहनों के माध्यम से मंडियों तक पहुंचाते हैं, जबकि छोटे किसान कम मात्रा में प्याज का उत्पादन कर स्थानीय स्तर पर भी बिक्री करते हैं।

सूक्ष्म सिंचाई अपनाने पर किसानों को मिलता है अनुदान

जिला बागवानी अधिकारी ने बताया कि बागवानी विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और सूक्ष्म सिंचाई विधियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यदि कोई किसान नई तकनीक एवं सूक्ष्म सिंचाई विधि से प्याज की खेती करता है, तो उसे विभागीय योजना के तहत प्रति एकड़ 15 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जाता है। इससे किसानों को खेती की लागत कम करने और पानी का बेहतर उपयोग करने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि जिले के पाटूखेड़ी, रवा, बघोला, महूं, तिगांव, रनियाला सहित कई गांवों में प्याज की फसल अधिक क्षेत्र में लगाई जाती है। किसानों को बागवानी विभाग की योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ा सकें।

मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

डॉ. अब्दुल रज्जाक ने बताया कि बागवानी विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को सरकार द्वारा संचालित मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त अनुदान प्राप्त करने के लिए संबंधित योजना के नियमानुसार आवेदन करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अनुदान संबंधी प्रक्रिया में आवश्यक दस्तावेजों और निर्धारित शर्तों का पालन करना जरूरी है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे बागवानी विभाग की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाएं। विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी समय-समय पर किसानों के खेतों का दौरा करते हैं और फसल में लगने वाले रोगों एवं कीटों की रोकथाम के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हैं। किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने, पानी का उचित उपयोग करने और बेहतर उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनकर उपायुक्त अखिल पिलानी ने अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

जिला स्तरीय समाधान शिविर में प्राप्त हुईं 9 शिकायतें, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश

ओपन सर्च/आस मोहम्मद

नूंह। आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय समाधान शिविर आयोजित किया गया। जिला स्तरीय शिविर में कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुईं जो परिवार पहचान पत्र में आए काम करवाने तथा बीपीएल कार्ड बनवाने, गांव के आम रास्ता से अवैध निर्माण हटवाने, पेयजल, गांव की सड़कों का निर्माण, जल भराव की शिकायत प्राप्त हुई, जिनके समाधान के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की आने वाली शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करें।

उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा नागरिकों को पारदर्शी एवं बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध करवाना है। इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई कर उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से जांच कर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और शिकायतकर्ताओं को कार्रवाई की प्रगति से भी अवगत कराया जाए, ताकि उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने तथा पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त अखिल पिलानी ने आमजन से अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार एवं वीरवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। नागरिक इन शिविरों में पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आमजन को बेहतर एवं पारदर्शी सेवाएं प्रदान की जाएं।

आपदा प्रबंधन में युवाओं की भूमिका होगी अहम, नूंह में 'युवा आपदा मित्र योजना" के तहत 200 वालंटियर को दिया जाएगा प्रशिक्षण : अखिल पिलानी

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स तथा नेहरू युवा केंद्र के 200 वालंटियर लेंगे सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

ओपन सर्च/आस मोहम्मद

नूंह। आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी बनाने तथा युवाओं को आपदा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से जिला नूंह में केंद्र प्रायोजित 'युवा आपदा मित्र योजना' के तहत सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भारत स्काउट्स एंड गाइड्स तथा नेहरू युवा केंद्र (NYK) से जुड़े कुल 200 वालंटियर को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA), गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के 100 तथा नेहरू युवा केंद्र के 100 वालंटियर भाग लेंगे। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग करने के लिए सक्षम बनाना है।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 अक्टूबर 2026 को प्रात: 9 बजे से शुरू होगा। प्रशिक्षण का आयोजन माल्हा राव सामुदायिक केंद्र, तिरंगा पार्क के नजदीक, नूंह में किया जाएगा। प्रशिक्षण में शामिल होने वाले वालंटियर के ठहरने की व्यवस्था प्रयास इंस्टीट्यूट, नल्हड़ मेडिकल रोड, नूंह में की गई है। यह प्रशिक्षण सात दिनों तक आवासीय आधार पर संचालित किया जाएगा।

उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में वालंटियर की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित समय पर प्रशिक्षण शुरू करवाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित वालंटियर आपात परिस्थितियों में प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण सहयोगी साबित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के बेहतर संचालन के लिए संबंधित विभागों से कम से कम 100-100 वालंटियर के नाम निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विभाग से एक अधिकारी को प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वय एवं आवश्यक सहयोग के लिए नामित करने को कहा गया है।

जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में युवाओं की क्षमता विकसित करने तथा आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए सरकार प्रतिबद्ध : कृषि मंत्री

मंत्री श्याम सिंह राणा ने कोसली मंडी का किया औचक निरीक्षण

ओपन सर्च/ब्यूरो

कोसली। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज कोसली अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आढ़ती, किसान और मार्केट कमेटी कार्यालय से संबंधित समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा उनका समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों के सच्चे हितैषी हैं। मौजूदा सरकार ने जितना रुपया किसानों को बांटा है, उतना पहले कभी नहीं दिया गया। आज हरियाणा प्रदेश का किसान खुशहाल है और उसे घर बैठे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। बागवानी की भावांतर भरपाई योजना में मधुमक्खी पालन को भी शामिल कर लिया गया है। कोई प्राकृतिक आपदा आती है तो मधुमक्खी पालक को भी सरकार की ओर से सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कृषि मंत्री ने कहा कि अनाज मंडी में फसल बेचने वाले किसानों को जल्दी से जल्दी भुगतान की राशि दी जा रही है। आज के दिन हरियाणा की मंडियों में पारदर्शिता से काम किया जा रहा है। कोसली अनाज मंडी के प्रधान अजय सिंगला व अन्य आढ़तियों ने कृषि मंत्री से अनाज मंडी का विस्तार करने, सीवरेज लाइन नई डलवाने और एक गोदाम बनवाने की मांग रखी। मंत्री श्याम सिंह राणा ने इन मांगों पर उचित कार्रवाई करवाए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव, डीएसपी विद्यानंद, मार्केट कमेटी चेयरमैन महेश यादव, वाइस चेयरमैन दिनेश गोयल, सचिव विकास यादव, मंडी प्रधान अजय सिंगला, संजय यादव, अनिल भारद्वाज, कार्यकारी अभियंता शुभम अग्रवाल, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के राष्ट्रीय मंच पर चमकेगी यूथ सोशलग्राम के युवाओं की प्रतिभा

विभिन्न झांकियों में दिखेगी देशभर के युवाओं की प्रतिभा

ओपन सर्च/नरेश शर्मा

गुरुग्राम। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को गुजरात के एकतानगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में आयोजित समारोह एवं परेड में यूथ सोशलग्राम फाउंडेशन से जुड़े युवा कलाकार भागीदारी करेंगे। महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों के इन युवाओं का चयन कठोर चयन प्रक्रिया के बाद किया गया है। सात झांकियों के माध्यम से ये कलाकार शिक्षा, खेल, युवा शक्ति, जल संसाधन, सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे।

सात झांकियों में शामिल कलाकारों की सूची

● झांकी वंदे विद्या – विद्या नगर में-

नकुल गोवर्धन, हिमांशु जोरवाल, राहुल गुज्जर, ऋषिकेश शेलार, वैभव जीवतोडे, लखन नानावरे एवं रूपेश कुट्टरमारे।

● झांकी युवा शक्ति से उन्नति – खेलो इंडिया में निरल परमार, पटेल प्रेक्षा, धैर्य सैनी एवं पटेल भूमि।

● झाँकी विविधता में एकता से विकास में- विक्रम पहाड़े, शुभम सिंह, सूरज सिंह, आकाश हाके, राजपाल सिंह, राहुल शर्मा, प्रजापति आकाश एवं राठौड़ प्रेरणा।

● झाँकी साखेर से समृद्धि में-

वरुण सोलंकी, सोलंकी हरेश, रावल चिराग, पंड्या आदित्य एवं कड़िया तरंग।

● झाँकी एकतानगर में-

विधि बारोट, जैमिंगिरी, जादव अमीषा एवं रविराज सोलंकी।

● झाँकी भुज की धरती-

प्रियाबेन चौधरी एवं सोलंकी हर्ष।

● झाँकी वंदे सुजलाम – सरदार सरोवर डैम में- राठवा भारद्वाज, आयुष, क्रिशा, जाह्नवी, जिया, हीर, दक्षा, प्रियंका, श्रुति, हिमांगी, दिव्या एवं खुशबू।

अनुभवी कोरियोग्राफरों के नेतृत्व में प्रस्तुतियां झांकियों की प्रस्तुतियों में कोरियोग्राफर योगिता सभरवाल, अनिल पांड्ये और गुजरात के जाने-माने कलाकार एवं कोरियोग्राफर मित्तल कुमार मार्गदर्शन एवं नेतृत्व प्रदान करेंगे।

नूंह में रिश्वत कांड का बढ़ता मकड़जाल

80 हजार की रिश्वत लेते जेई सलीम गिरफ्तार, एसीबी टीम को कमरे में बंद करने का आरोप, डीटीपी अधिकारी पर भी कार्रवाई के संकेत

ओपन सर्च/आस मोहम्मद

नूंह। नूंह जिले के लघु सचिवालय स्थित जिला नगर योजनाकार (DTP) कार्यालय में रिश्वत कांड ने तूल पकड़ लिया है। एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) टीम ने 80 हजार रुपये की रिश्वत लेते जेई सलीम को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान एसीबी टीम को कमरे में बंद करने का सनसनीखेज आरोप भी सामने आया है, जिसके बाद डीटीपी अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं और डीटीपी अधिकारी पर पहले भी पैसे लेने के आरोप है, जिसकी एसीबी टीम जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सलीम जेई पर एक लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप था। शिकायत मिलने पर एसीबी की टीम ने लघु सचिवालय स्थित डीटीपी कार्यालय में जाल बिछाकर उसे 80 हजार रुपये लेते गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि जेई सलीम को 80 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान एसीबी टीम को कमरे में बंद कर दिया गया था। हालांकि इस घटनाक्रम में कौन-कौन शामिल था और किन परिस्थितियों में टीम को बंद किया गया, इसकी आधिकारिक जांच जारी है।

डीटीपी अधिकारी की भूमिका भी जांच के दायरे में

एसीबी इंस्पेक्टर ने डीटीपी अधिकारी के संबंध में भी पहले कई बार पैसे लेने के आरोपों का जिक्र किया है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जांच के दौरान अधिकारी की भूमिका को लेकर क्या तथ्य सामने आते हैं। हालांकि डीटीपी अधिकारी के खिलाफ किसी नई कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। जेई की गिरफ्तारी और टीम को कथित तौर पर कमरे में बंद किए जाने के मामले में अब आगे की जांच जारी है। यदि जांच में अन्य अधिकारियों या कर्मचारियों की भूमिका सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई होगी। फिलहाल जेई सलीम से पूछताछ कर उसे अदालत में पेश किया गया है।

हरियाणा के लाल ने चमकाया नाम: 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स में हनी यादव ने जीता सिल्वर मेडल

ओपन सर्च/नरेश शर्मा

फर्रुखनगर। चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रही 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में हरियाणा के युवा एथलीट हनी यादव ने देशभर में प्रदेश का नाम रोशन किया है। हनी ने लड़कों के अंडर-18 वर्ग की 1000 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में हनी ने 2 मिनट 26.71 सेकंड का बेहतरीन समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। गोल्ड के लिए भी कांटे की टक्कर देखने को मिली।

हनी की इस उपलब्धि के बाद उनके कोच, खेल क्लब और परिजनों में खुशी की लहर है।खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर हनी ने साबित कर दिया है कि वह भारतीय एथलेटिक्स के उभरते हुए सितारे हैंगाँव साढ़राणा में पहुँचने पर हनी यादव का भव्य स्वागत और फुल माला और पगड़ी के साथ मान सम्मान किया पूरे गाँव में खुशी की लहर थी इसी बीच मनीष सैदपुर ज़िला महामंत्री भाजपा गुरुग्राम,मानेसर मेयर डॉ इंद्रजीत सिंह यादव,मनोज यादव जिला पार्षद ने हनी यादव को समानित किया कुलदीप सरपंच,महेंद्र यादव,केहर सिंह यादव,कृष्ण यादव,दिनेश यादव,प्रदीप वशिष्ट,विक्रम यादव,जयकिशन यादव,गोरधन यादव,परमोद यादव,देवेन्द्र चोपड़ा,मनोज यादव,गौरव यादव आदि मौजूद रहे।

सीआरपीएफ (CRPF) के प्रशिक्षु निरीक्षकों ने जाना ग्रामीण भारत का ताना-बाना, डाबोदा गांव में हुआ अध्ययन दौरा

ओपन सर्च/नरेश शर्मा

फर्रुखनगर (गुरुग्राम)। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंतरिक सुरक्षा बल (CRPF) के लिए चयनित निरीक्षक (Inspector) स्तर के नव-चयनित युवा अधिकारियों का एक प्रशिक्षण दल अपने ग्रामीण अवलोकन कार्यक्रम (Rural Exposure Program) के तहत फर्रुखनगर खंड के ऐतिहासिक गांव डाबोदा पहुंचा। इस अध्ययन यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों को ग्रामीण भारत की सामाजिक संरचना, जन-जीवन, स्थानीय समस्याओं और जमीनी शासन व्यवस्था से रूबरू कराना था।

गांव दर्शन और पौराणिक विरासत का अवलोकन

गांव आगमन पर प्रशिक्षण दल ने डाबोदा के पौराणिक मंदिर, ऐतिहासिक जोहड़ और गांव के पारंपरिक परिवेश का अवलोकन किया। अधिकारियों ने ग्रामीण जीवनशैली, जल स्रोतों के संरक्षण और गांव की सांस्कृतिक धरोहर को करीब से समझा।

किसान नेता राव मानसिंह के फार्म हाउस पर परिचर्चा

क्षेत्रीय गतिविधियों और जमीनी वास्तविकताओं को समझने के लिए प्रशिक्षु अधिकारियों ने वरिष्ठ किसान नेता राव मानसिंह के फार्म हाउस पर एक विशेष परिचर्चा में भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षण दल ने अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों से निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर सवाल-जवाब किए:

सांप्रदायिक सौहार्द: ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी भाईचारे और शांति व्यवस्था का ढांचा।

पर्यावरण व जल संरक्षण: गिरता भूमिगत जल स्तर और जल प्रबंधन के उपाय।

कृषि व स्वास्थ्य: आधुनिक फसल पद्धतियां और ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाएं।

आपदा प्रबंधन व पंचायत प्रणाली: आपात स्थिति से निपटने की तैयारी और त्रि-स्तरीय पंचायती राज की कार्यप्रणाली।

दिग्गज हस्तियों और गणमान्य व्यक्तियों ने दिए उत्तर

प्रशिक्षु अधिकारियों की उत्सुकता और प्रश्नों का उत्तर देने के लिए क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं।

परिचर्चा में मुख्य रूप से:

राव मानसिंह (वरिष्ठ किसान नेता)

शिवताज प्रजापत (उप प्रधान, सरपंच संगठन)

नाहर सिंह (सरपंच प्रतिनिधि डाबोदा एवं पूर्व पुलिस अधिकारी)

पूजा शर्मा (राष्ट्रपति पुरस्कार/नारी शक्ति सम्मान से अलंकृत महिला उद्यमी किसान)

सुखबीर जे. तंवर (समाजसेवी)

महेंद्र दाढ़ी (प्रगतिशील किसान)

संजीव कुमार (पूर्व जिला उप-प्रमुख)

डॉ. विश्वास अल्वी एवं हरीश कुमार (कैलेब शिक्षण संस्थान)

कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण दल ने ग्रामीणों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के जमीनी अनुभवों से उन्हें भविष्य में अपनी प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी जिम्मेदारियों को और अधिक कुशलता से निभाने में मदद मिलेगी।

संपादकीय सुझाव: यदि आप इसे किसी स्थानीय समाचार पत्र या सोशल मीडिया पेज (जैसे Facebook/WhatsApp) पर पोस्ट करना चाहते हैं, तो इसके ऊपर एक छोटा शीर्षक लगा सकते हैं: "डाबोदा पहुंचे CRPF के प्रशिक्षु इंस्पेक्टर, ग्रामीण विकास और पंचायत प्रणाली का लिया जायजा।"

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

करनाल की 8 प्रमुख सड़कें आधुनिक सुविधाओं से होंगी लैस, स्मार्ट रोड के रूप में विकसित करने पर खर्च होंगे 24.02 करोड़ रुपये : सलोनी शर्मा

निगमायुक्त ने अभियंताओं के साथ किया सड़कों का निरीक्षण, गुणवत्ता और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। करनाल शहर की प्रमुख सडक़ों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और आकर्षक बनाने की दिशा में नगर निगम ने कदम तेज कर दिए हैं। बजट घोषणा के तहत राइट ऑफ वे परियोजना के अंतर्गत शहर की 8 महत्वपूर्ण सडक़ों को स्मार्ट रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना पर लगभग 24 करोड़ 2 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने निगम अभियंताओं के साथ प्रस्तावित सडक़ों का निरीक्षण कर परियोजना की तैयारियों और विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना को इस प्रकार तैयार किया जाए कि सडक़ निर्माण के साथ पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों और वाहन चालकों को भी बेहतर सुविधाएं मिलें।

फुटपाथ, साइकिल ट्रैक और आधुनिक लाइटिंग से सुसज्जित होंगी सडक़ें।

निगमायुक्त ने बताया कि इन सडक़ों को केवल बेहतर सडक़ निर्माण तक सीमित न रखते हुए समग्र नागरिक सुविधाओं से युक्त आधुनिक स्मार्ट रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत फुटपाथ, बैठने की जगहें, आकर्षक डेकोरेटिव पोल एवं आधुनिक लाइटिंग, बेहतर ड्रेनेज सिस्टम, सुचारू यातायात प्रबंधन, साइकिल ट्रैक, वर्षभर हरियाली बनाए रखने वाले सजावटी पौधे तथा आगरा रेड स्टोन के ट्री-गार्ड जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

उन्होंने अभियंताओं को निर्देश दिए कि स्मार्ट रोड की योजना के तहत पैदल चलने वालों की सुरक्षा, साइकिल चालकों की सुविधा, वाहनों की सुचारू आवाजाही और जल निकासी की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी सुविधाओं का आपसी समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी एक सुविधा के लिए दूसरी व्यवस्था को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि सडक़ विकास कार्यों में गुणवत्ता और उपयोगिता को प्राथमिकता दी जाए।

ये 8 सडक़ें होंगी स्मार्ट रोड परियोजना में शामिल।

राइट ऑफ वे परियोजना के अंतर्गत शहर की निम्नलिखित सडक़ों को विकसित किया जाएगा-

1. प्रेम प्लाजा से मॉल रोड तक अहिल्याबाई मार्ग।
2. विक्रम मार्ग से रेलवे रोड तक।
3. विश्राम गृह से तलवार चौक तक सैशन मार्ग।
4. डीएवी स्कूल/कॉलेज रोड।
5. मीनार रोड पर सैनी भोजनालय से डीसी आवास तक।
6. पुराने बस स्टैंड रोड के पीछे वाली सडक़।
7. सुभाष कॉलोनी स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से माल रोड तक की सडक़।

तरावड़ी में धर्म जागरण यात्रा का भव्य स्वागत; समाजसेवी प्रमोद वाल्मीकि को दी गई आत्मीय भेट

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

तरावड़ी। सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और धार्मिक चेतना का संदेश लेकर निकाली जा रही 'धर्म जागरण यात्रा' का तरावड़ी आगमन पर स्थानीय श्रद्धालुओं और प्रबुद्ध जनों द्वारा अत्यंत हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, पुष्प वर्षा और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण धर्ममय हो उठा। यात्रा के नगर आगमन पर आयोजित स्वागत समारोह में प्रमुख समाजसेवी प्रमोद वाल्मीकि विशेष रूप से उपस्थित रहे। धर्म जागरण यात्रा की आयोजन समिति एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और सनातन परंपराओं के संवर्धन हेतु समाजसेवी प्रमोद वाल्मीकि का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उन्हें एक रामायण भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समाजसेवी प्रमोद वाल्मीकि ने यात्रा के आयोजकों का आभार व्यक्त किया और कहा:

"धर्म जागरण यात्रा समाज को एकजुट करने और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से युवाओं को जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास है। धार्मिक और सामाजिक चेतना ही किसी भी राष्ट्र की वास्तविक उन्नति का आधार होती है। समाज में समरसता और भाईचारे की भावना को सशक्त करने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए।

बेगा में 2.84 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, घर-घर पहुंचेगा स्वच्छ पेयजल

विधायक देवेंद्र कादियान ने छह विकास कार्यों का किया शिलान्यास व लोकार्पण, 6 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछेगी

ओपन सर्च /मनदीप कुमार

गन्नौर। बेगा गांव में घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए 1.84 करोड़ रुपये की लागत से छह किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। विधायक देवेंद्र कादियान ने गुरुवार को इस कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने गांव में लगभग 2.84 करोड़ रुपये की लागत के छह विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। विधायक ने 36.55 लाख रुपये की लागत से तैयार डीप ट्यूबवेल और 23 लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। इसके अलावा बेगा से बलिन्दा गढ़ी गांव तक 33 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स का रास्ता बनाने के कार्य का शिलान्यास किया। वहीं, 4.70 लाख रुपये की लागत से वाल्मीकि चौपाल और तीन लाख रुपये की लागत से एससी चौपाल के नवीनीकरण कार्यों का उद्घाटन किया गया।

विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गांवों में पेयजल, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता है। छह किलोमीटर लंबी पाइपलाइन और डीप ट्यूबवेल से गांव की पेयजल व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्य ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखकर करवाए जा रहे हैं, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच सुरेंद्र शर्मा और ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर सत्यवान, प्रवीण, संदीप, रामगोपाल, विजयपाल, इंद्रपाल, श्यामलाल, टिंकू, यामीन, तस्लीम, सरफराज, इरशाद, प्रदीप और रिंकू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

केंद्रीय ग्रहमंत्री अमित शाह के आगमन से पूर्व सड़कों का कायाकल्प जारी

डीसी ने सडक़ों के गड्ढे भरवाने व रिफ्लेक्टर लगाने के दिये निर्देश

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई)और लोक निर्माण विभाग(पीडब्ल्यूडी)के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि धुंध का मौसम शुरू होने से पहले उनके अधीन आने वाली सडक़ों पर पड़े गड्ढों को भरवाएं और वांछित स्थानों पर रिफ्लेक्टर लगावाएं ताकि हादसों पर नियंत्रण किया जा सके।

डा. आनंद आज यहां जिला सचिवालय सभागार में म्हारी सडक़ एप्लिकेशन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने सडक़ों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए म्हारी सडक़ (हरपथ)एप्लिकेशन लांच कर रखी है। इस पर कोई भी व्यक्ति गड्ढायुक्त अथवा टूटी सडक़ों की तस्वीर लेकर अपलोड कर सकता है। एप का उद्देश्य खराब सडक़ों की हालत को सुधारना है। उपायुक्त ने कहा कि बारिश का सीजन खत्म हो चुका है। अब सडक़ों पर गड्ढों भरने का कार्य तेजी से किया जाए। जहां जरूर हो वहां रिफ्लेक्टर लगाएं जाएं। ऐसा करके कोहरे के मौसम में हादसों में काफी हद तक कमी लाई जा सकती है।

बैठक में उपायुक्त ने पीडब्लयूडी, शहरी स्थानीय निकाय, जिला परिषद, पंचायत, एचएसवीपी आदि विभागों से सडक़ों संबंधी लंबित शिकायतों की जानकारी ली और इन्हें जल्द निपटारे के निर्देश दिए। इससे पहले नगराधीश(पीडब्ल्यूडी)सुरेश कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर हरियाणा विकास प्राधिकरण, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को टूटी सडक़ों की मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने मंडियों को जोडऩे वाली सडक़ों की मरम्मत फसल सीजन शुरू होने से पहले करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। साथ ही एचएसवीपी के अधिकारी को सेक्टर 12 से कुंजपुरा रोड की ओर जाने वाली सडक़ की मरम्मत जल्द करवाने के निर्देश दिए।

बैठक में पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, जिला परिषद, पंचायती राज, एचएसवीपी, यूएलबी, वन विभाग आदि के अधिकारियों ने भाग लिया।

फरीदपुर की पाठशाला में होगी हर्बल किचन गार्डन तैयार लगेंगे औषधीय पौधे

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला फरीदपुर घरौंडा में अध्यापकों ओर मिड डे मील वर्करो द्वारा किचन गार्डन तैयार किया गया जिसमें सब्जियों के साथ साथ औषधीय पौधे भी लगाये जाएंगे।अध्यापक हरदीप मलिक ने बताया सरकार द्वारा जारी आदेशअनुसार प्रत्येक स्कूल में किचन गार्डन अनिवार्य किया गया है।

जिसमें बच्चों के मिड डे मील भोजन के लिए ताजी सब्जियों का आहरण हो सके। बिना खाद दवाईयों के स्कूल प्रांगण में मौसम के अनुसार सब्जी उगाई जा सके। अध्यापक हरदीप ओर सुभाष जी ने बड़ी मेहनत से कस्सी चलाकर कर क्यारियां तैयार की।ओर मिड डे मील वर्करों ने भी उनका इस कार्य में पूरा सहयोग किया। क्यारियों में पालक, मेथी, धनिया, मूली, शलगम, गाजर आदि बीज बोये गये।इस अवसर पर हेड मास्टर सुभाष शर्मा, हरदीप मलिक, सुभाष रोड मिड डे मील वर्कर सीमा, भारती, रेखा आदि मौजूद रहे।

करनाल में लगेगा भव्य स्वदेशी मेला, तैयारियों को लेकर की चर्चा

स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ नागरिक आयाम ने पर्यावरण नशा उन्मूलन, स्वालंबन और स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय काम किया

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। स्वदेशी जागरण मंच और स्वाभिमान भारत की संयुक्त बैठक का आयोजन उद्योगपति गुरुवख्श मनचंदा के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा परिषद के सचिव तथा स्वाभिमान भारत के राष्ट्रीय समन्वयक राजेश गोयल थे। बैठक की अध्यक्षता स्वदेशी जागरा मंच के राष्ट्रीय पालक सतीश चावला ने की। इस अवसर पर विशिष्ट रूप से विजय सेतिया, गुरुवख्श मनचंदा, सुरेश पुरी, सुरेंद्र गोयल सरोज चावला थे। इस अवसर पर हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा परिषद के सचिव राजेश गोयल ने कहा कि देश में स्वदेशी मेले ग्राहकों और उद्यामियों के बीच सेतु का काम कर रहे हैं। इसे छोटे कारोवारियों की मार्कीटिंग की समस्या का निदान हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि करनाल में भी भव्य स्वदेशी मेला लगना चाहिए। इस अवसर पर स्वदेशी जगारण मंच के राष्ट्रीय संगठक काश्मीरी लाल जी के आगामी प्रवास को लेकर चर्चा की गई। बैठक में स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय पलक सतीश चावलाने कहा कि करनाल मं पहल वार वरिष्ठ नागरिक का आयाम बनाया गया। अब डेढ़ साल हो गए हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य आयाम की रिपोर्ट के के चावला ने पढ़ी उन्होंने बताया कि दो हजार से अधिक लोगों की सेहत जांची गई। आयाम द्वारा डेहा बस्ती में निशुल्क डिस्पेंसरी चलाई जा रही हैंइसमें दो हजार से अधिक लोगों की सेहत जांची गई। इसके साथ ही टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार किट दी जा रही हैं। लगभग 787 मरीजों को टीबी किट दी जा चुकी हैं। इसी तरह अहिल्यावाई स्वालंबन केंद्र की रिपोर्ट प्रवेश अग्रवल ने देवेंद्र अरोड़ा और पर्यावरण प्रकोष्ठ की रिपोर्ट संजय अलाहावादी ने पढ़ी । सरोज चावला ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। पर्यावरण को लेकर बताया कि दो हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।

कार्यक्रम में नैत्रदान का संकल्प लेने वालों को श्री शर्मा ने कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर श्रुति काम्बोज, मीनू चावला अनीता सिंह,शमशेर सिंह संधु, अभिषेक गोयल,डा. ओपी गोगिया कृष्ण कुमार पाहवा अशोक चौधरी, घनश्याम शर्मा भूषण गोयल, आदि मौजूद थे।

लोक नृत्य से हरियाणवी संस्कृति को नई पहचान दे रहीं डॉ. सरिता

प्राचार्या डॉ सरिता रंगोत्सव जैसी सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की अपनी प्रस्तुतियों से बढ़ा रहीं प्रदेश की लोक संस्कृति की शोभा

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। करनाल में दो दिवसीय शिक्षकों के रंगोत्सव प्रतियोगिता के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक विरासत को सहजने में डॉ. सरिता प्राचार्या, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धामन मोरनी, पंचकूला महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। डॉ सरिता लोकनृत्य के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति की जीवंतता को बनाए रखने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। डॉ. सरिता प्रदेश में आयोजित होने वाली विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं और रंगोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में निरंतर भाग लेती रहती हैं। उनकी लोकनृत्य प्रस्तुतियां हरियाणा की पारंपरिक कला, लोक जीवन और सांस्कृतिक विरासत को मंच पर प्रदर्शित करती हैं। रंगोत्सव जैसी प्रतियोगिताओं में उनकी सहभागिता लोक कलाओं को प्रोत्साहित करने और कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करती है। उनका उद्देश्य केवल प्रतियोगिताओं में भाग लेना ही नहीं, बल्कि हरियाणा की प्राचीन लोक परंपराओं को संरक्षित करना और उन्हें व्यापक पहचान दिलाना भी है। लोकनृत्य के माध्यम से वे प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं का संदेश जन-जन तक पहुंचा रही हैं। डॉ. सरिता का यह प्रयास सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक है। उनकी सक्रिय भागीदारी से हरियाणवी लोककला को प्रोत्साहन मिल रहा है और प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊर्जा मिल रही है इतना ही नहीं ये विद्यार्थियों, शिक्षकों और आमजन को हरियाणवी संस्कृति को जिंदा रखने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। डॉ सरिता के मार्गदर्शन में अनेक बार बच्चों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है।

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया करवा चौथ का त्योहार

मैया मेरी जोड़ी बनाए रखना, मेरी मांग का सिंदूर सजाए रखना...

ओपन सर्च/ब्यूरो

झज्जर। करवा चौथ का त्योहार बृहस्पति वार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए मन्दिरों में जाकर पूजा अर्चना की। सिद्ध बाबा कांशीगिरि जी महाराज मन्दिर के प्रांगण में महिला संकीर्तन मंडली के तत्वावधान में चल रही दूसरी कार्तिक मास की कथा में कथा वाचक पंडित पवन कौशिक ने कहा कि पति-पत्नी जीवन रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं। करवा चौथ का व्रत महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण होता है। भारतीय नारी महान है, जो अपने पति व बच्चों की लम्बी उम्र के लिए इस व्रत को करती हैं। नारी की महानता का शास्त्रों में भी विशेष वर्णन है। कहा जाता है जिस घर व समाज में नारी का सम्मान होता हैं, वहां पर देवता निवास करते हैं। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का प्रतीक माना गया है। भगवान शिव और माता पार्वती जी की दिव्य कृपा माताओं, बहनों, प्रत्येक दम्पति के जीवन में बनी रहे। महिला समिति की प्रधान इंदू भूगड़ा और महिला श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को करवा चौथ के पावन पर्व की हार्दिक मंगलकामनाएं दीं तथा अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि करवा चौथ के त्योहार का महिलाओं को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता हैं। सुहागिनों के लिए सबसे बड़ा त्योहार है। माता पार्वती सभी सुहागिनों के सुहाग की रक्षा करें, हर घर प्रत्येक परिवार खुशहाली से परिपूर्ण रहे।

महिला संकीर्तन मंडली की रोजी नारंग, शशी बहल, इंदू भूगड़ा ने सुहागन के गले में मंगलसूत्र सजा है, मंगलसूत्र की शोभा बनाए रखना..मैया मेरी जोड़ी बनाए रखना, मेरी मांग का सिंदूर सजाए रखना.. ..भजन प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्रधान सुधांशु हंस, इंदू देवराज भूगड़ा, पंकज भारद्वाज, रमेश लखेरा, नारायणी सरदाना, शीला देवी चुघ, विशन वधवा, पूजा और कैलाश मौजूद रहे।

- सुंदर दिखना हर महिला की चाहत

शशी व रोजी नारंग ने कहा कि करवा चौथ पर सबसे सुंदर दिखना हर महिला की चाहत होती है। शादी के बाद पहली बार व्रत रखने वाली नवदम्पति में यह चाहत और भी प्रबल होती है। इस दिन सजने संवरने के साथ धार्मिक परंपराओं को निभाने का विशेष अवसर मिलता हैं।

शहीदों की याद में भी जलाए जाए दीवाली पर दीए : भाजपा नेता पंकज सिंगला

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व स्थानीय नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली पर वह अमर वीर योद्धाओं और शहीदों के सम्मान में दीप जलाकर उनकी दी गई शहादत को याद करे। शहीदों की दी गई कुर्बानी की बदौलत ही आज हम खुली हवा में चैन की सांस ले रहे है। उन्होने बताया कि पूर्वजों की स्मृति में आकाश दीप जलाने की परम्परा रही है और आकाश दीप से जुड़े कथानकों में ऐसी मान्यता है कि महाभारत युद्ध में प्राण विसर्जित करने वाले वीरों की स्मृति में भीष्म ने कार्तिक महीने में दीप मालिकाओं से उन्हे सन्तप्रण दिया था। इसलिए हमें चाहिए कि पूर्वजों की याद में जलाए जाने वाले दीपों के साथ-साथ मां भारती के लिए शहादत देने वाले शहीदों की याद में भी दीप जलाए जाए।

पंजाबी समाज शहीदों की याद में दीवाली पर जलाएगा दीए : रामकिशन गांधी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी रामकिशन गांधी और दूग्ध कारोबारी चंदर गांधी ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली पर वह अमर वीर योद्धाओं और शहीदों के सम्मान में दीप जलाकर उनकी दी गई शहादत को याद करे। शहीदों की दी गई कुर्बानी की बदौलत ही आज हम खुली हवा में चैन की सांस ले रहे है। उन्होने बताया कि पूर्वजों की स्मृति में आकाश दीप जलाने की परम्परा रही है और आकाश दीप से जुड़े कथानकों में ऐसी मान्यता है कि महाभारत युद्ध में प्राण विसर्जित करने वाले वीरों की स्मृति में भीष्म ने कार्तिक महीने में दीप मालिकाओं से उन्हे सन्तप्रण दिया था। समाजसेवी रामकिशन गांधी और दूग्ध कारोबारी चंदर गांधी ने बताया कि दीवाली पर पंजाबी समाज ने शहीदों की याद में दीए जलाने का निर्णय लिया है। उन्होने कहा कि हम सभी को चाहिए कि जातपात, पार्टीबाजी, वर्गवाद जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर मां भारती के लिए शहादत देने वाले अमर शहीदों, क्रांतिकारियों और अपने-अपने पूर्वजों की याद में भी कम से कम 5-5 दीए जरूर जलाए।

सतयुग समान युग नही-वेदों के समान शास्त्र नही और गंगा समान कोई तीर्थ नही : अनिल भारद्वाज कोकी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर ब्राहमण सभा के प्रधान रहे अनिल भारद्वाज कोकी का कहना है कि प्राचीनकाल से ऐसी मान्यता है कि कार्तिक महीने के समान कोई महीना नही, सतयुग के समान कोई युग नही, वेदों के समान कोई शास्त्र नही और गंगा के समान कोई तीर्थ नही है। यही वजह है कि लोग कार्तिक महीने में गंगा घाट पर तो शिवनगरी सोहना शहर में विख्यात तीर्थ स्थल श्री शिवकुंड गर्मचश्मा पर दीप जलाकर अपनी श्रद्धा को और ज्यादा मजबूती प्रदान कर रहे है। उन्होने कहा कि तीर्थ स्थल चाहे जो भी हो, सभी पूजनीय है। कार्तिक माह में हमें चाहिए कि हर तीर्थ स्थल पर प्रतिदिन नियमित रूप से दीपदान जरूर करे।

हिंदू धर्म में कार्तिक महीने का बहुत ही विशेष महत्व : पंडित भगवतदयाल शर्मा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शहर के वार्ड-5 में रहने वाले विद्वान पंडित भगवतदयाल शर्मा का कहना है कि कार्तिक मास का महत्व हिंदू धर्म में बहुत अधिक है और इस महीने में स्नान करने का विशेष महत्व है। यहां कुछ बातें है, जो कार्तिक मास में स्नान के महत्व को दर्शाती है। बृहस्पतिवार को मौजूद श्रद्धालुओं के बीच बोलते हुए विद्वान पंडित भगवतदयाल शर्मा ने कहा कि कार्तिक मास में स्नान करने से पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होने बताया कि इस महीने में गंगा स्नान करने का विशेष महत्व है, जिससे व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कार्तिक मास में स्नान करने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं और उसे स्वर्ग की प्राप्ति होती है। उन्होने कहा कि कार्तिक मास की कथा के अनुसार इस महीने में भगवान विष्णु की पूजा और स्नान करने से व्यक्ति को विशेष लाभ होता है। विद्वान पंडित भगवतदयाल शर्मा ने कहा कि एक कथा के अनुसार एक ब्राह्मण ने कार्तिक मास में गंगा स्नान किया और उसे स्वर्ग की प्राप्ति हुई। उन्होने बताया कि कार्तिक मास में स्नान करने से पापों का नाश होता है। पुण्य की प्राप्ति होती है व मोक्ष की प्राप्ति होती है तथा स्वर्ग की प्राप्ति और स्वास्थ्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होने बताया कि कार्तिक मास में स्नान करने से व्यक्ति को कई लाभ होते हैं और यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है।

दीपावली मिठाई वितरित कर देशी घी के दीए जलाकर मनाए : अनिल गोयल मोंटू

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व महासचिव व अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने लोगों से दीवाली पर जहरीले पटाखे ना चलाने का आग्रह किया है। उन्होने धनाढय वर्ग के परिवारों से आग्रह किया है कि वह दीवाली पर पटाखों से बचाए गए पैसों से मिठाई और वस्त्र आदि खरीद कर अपने आसपास रहने वाले गरीब परिवारों में मिठाई और वस्त्र वितरित करे ताकि अत्यंत निर्धन परिवारों के बच्चे भी दीवाली के त्यौहार का आनंद उठाए। अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने कहा कि अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन महाराज ने भी अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने और समाजवाद व समानता लाने के लिए अपने राज में एक ईंट-एक रुपया का प्रचलन चलाया था। जब कोई परिवार बाहर से उनकी नगरी में रहने आता था तो सभी लोग उसे एक रुपया और एक ईंट देते थे ताकि ईंटों से वह मकान, दुकान बनाए और रुपयों से कारोबार करे। ईट और रुपयों की बदौलत बाहर से महाराजा अग्रसेन की नगर में आने वाला परिवार उसी दिन ईंट और रुपयों को पाने पर अन्य परिवारों के समान बन जाता था और सभी परिवारों में आपसी प्रेम-प्यार, सौहार्द बढ़ता था। अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने बताया कि दीवाली के उपलक्ष्य में उन्होने संकल्प लिया है कि वह बम-पटाखों पर होने वाले खर्चे से इस बार मिठाईयां और नए वस्त्र खरीद कर जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित कर दीवाली मनाएंगे।

प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने के लिए बम-पटाखे चलाने से करे परहेज : चेयरमैन दयाराम लोहिया

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय मार्किटकमेटी चेयरमैन व भाजपा नेता चौधरी दयाराम लोहिया ने लोगों से दीवाली पर बम-पटाखे ना फोडऩे का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि ये चीजें गंदगी तो फैलाती ही है, साथ में प्रदूषण को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जब राम वापिस आए तो नगरवासियों ने सफाई करके दीप जलाए थे। उन्होने कहा कि रात को लक्ष्मी पूजन के लिए हम खुशबूदार धूपबत्ती जलाकर लक्ष्मी को प्रसन्न करते है। वही आस-पडोस में जहरीला धुआं छोड़ते है, जो पूरे वातावरण को दूषित करता है। ऐसा कदापि ठीक नहीं है। इससे सारा आयोजन उल्टा पड़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि लोग जागरूक बने और बम-पटाखे चलाकर प्रदूषण को बढ़ावा देने की बजाय देशी घी के दीए जलाए और झुग्गी-झोपडिय़ों में रहने वाले परिवारों के बीच मिठाई बांटकर दीवाली की खुशियों को एक-दूसरे से सांझा करे।

त्यौहारों के दृष्टिगत विशेष रेलगाड़ी चलाई जाए : व्यापारी नेता मनोज बजरंगी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि शिवनगरी सोहना और मिलेनियमसिटी क्षेत्र में रहने वाले पूर्वांचल मूल के लाखों लोगों को अपने त्यौहारों को मनाने के लिए अपने गृह प्रदेश जाने हेतू होली, दीवाली व छठ पूजा पर विशेष रेलगाड़ी सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि वह अपने परिवार के बीच त्यौहारों को खुशी-खुशी मनाने के लिए त्यौहारों से पहले घर जाकर त्यौहार मनाने के बाद वापिस आ सके।

करवाचौथ पर बाजारों में रही रौनक-पिया का दिल जीतने के लिए सजी-संवरी महिलाएं

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना में बृहस्पतिवार को बाजारों में करवाचौथ के चलते जबरदस्त रौनक देखने को मिली। सुहागिन महिलाएं कही श्रंगार का सामान खरीदती तो कही हाथों पर मेहंदी रचवाती नजर आई। मिटटी के सजे हुए करवों के साथ-साथ चीनी से बनाए गए करवे भी जमकर बिके। आए दिन महंगाई का रोना रोने वाली महिलाएं आज खुद के सजने-संवरने के लिए दिल खोलकर खर्चा करते नजर आई। मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं की बढ़ रही तादाद को देख मेहंदी रचाने वालों ने मेहंदी रचाने की एवज में कीमत एकदम 3 गुणा बढ़ा दी लेकिन फिर भी महिलाओं का उत्साह बरकरार रहा और वह मेहंदी रचवाने के लिए अपनी बारी आने का इंतजार करती नजर आई। करवाचौथ के चलते आज बाजार में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ दिखाई देने लगी थी। महिलाएं अपने हाथों पर राजस्थानी और अरेबियन मेहंदी लगवाना ज्यादा पसंद कर रही है। ब्यूटीपार्लरों पर भी सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ जमा है। नवविवाहित महिलाओं ने अपने हाथों के साथ-साथ पैरों में भी मेहंदी लगवाई। शहर के वार्ड-17 के तहत राममंदिर चौक के समीप रहने वाली महिला समाजसेविका रीतू रानी धर्मपत्नी मोहित खटटर, अंजलि रानी धर्मपत्नी कमल खटटर व श्रीमती सपना धर्मपत्नी विनीत रतड़ा, गांव रायसीना में रहने वाली रेखा मोनी यादव, लक्ष्मीमोड पर रहने वाली श्यामवती धर्मपत्नी दयाराम सैनी, गांव रायसीना में रहने वाली निर्मला देवी यादव, शहर के वार्ड-14 में रहने वाली मनीषा गुप्ता, आरती सैनी धर्मपत्नी हरिचंद्र सैनी, आशु धर्मपत्नी विनोद कुमार लुहेरा, लक्ष्मी धर्मपत्नी रवि कुमार, सरिता धर्मपत्नी विजय कुमार ने बताया कि करवाचौथ का त्यौहार पति-पत्नी के बीच रिश्तों में ज्यादा मिठास लाता है। महिलाएं इस दिन अपने पति की दीर्घायु की मंगलकामना करती है। उन्होने बताया कि इस दिन का वह पूरे वर्ष विशेष रूप से बेसब्री से इंतजार करती है। इस दिन करवाचौथ के त्यौहार पर सास अपनी बहू को सरगी और बहू सास को बायना देकर आशीर्वाद लेती है। इस दिन सुहागिन महिलाएं पूरा दिन व्रत रखती है और चांद को अघ्र्य देकर अपना व्रत खोलती है। उन्होने बताया कि करवाचौथ के उपलक्ष्य में उन्होने अपने पतिदेव को देने के लिए उपहार खरीदा है। देखने में आ रहा है कि करवाचौथ के त्यौहार के चलते देर शाम तक बाजारों में जबरदस्त रौनक बनी हुई है। सुंदर अति सुंदर परिधानों में सज-धजकर बाजार में सामान की खरीददारी कर रही महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता है।

सोहना में महिलाओं ने करवाचौथ का त्यौहार धूमधाम से मनाया

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। अपने पति की लंबी आयु और सदा सुहागिन की मंगलकामना करते हुए सुहागिन महिलाओं ने बृहस्पतिवार को करवाचौथ का त्यौहार बहुत ही हर्षोल्लास, उमंग और धूमधाम के बीच मनाया। इस अवसर पर रंगे-बिरंगे परिधानों से सजी-संवरी और दुल्हन की मानिंद दिखलाई दे रही महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। रात में महिलाओं ने चांद के छलनी से दर्शन कर और अपने परमेश्वर रूपी पति के चरणस्पर्श कर आशीर्वाद पाने के बाद व्रत खोला। बता दें कि महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा खास महत्त्व रखने वाले करवाचौथ के त्यौहार पर हिन्दू समाज की महिलायें अपनी सुहाग की रक्षा और उनकी दीर्घायु के लिये ना केवल उपवास रखती है बल्कि हाथों में आकर्षक मेंहदी सजा, रंग-बिरंगी डिजाइनयुक्त चूडिया, आकर्षक मनमोहक ब्रेसलेट पहन लुभावने परिधान और तरह-तरह के पकवानों के बीच अपने सुहाग रूपी पतिदेव को रिझाने में कोई कसर नही बाकी रख छोड़ती है।

इस बार यहां करवाचौथ पर सबसे ज्यादा भीड़ साडिय़ों, स्वर्णकारों आदि की दुकान पर देखने को मिली। करवाचौथ पर्व पर युवतियों-महिलाओं को आकर्षक करने के लिये ब्यूटी पार्लर भी तरह-तरह के पैकेज तैयार कर उन्हे लुभाने में लगे रहे। शायद यही कारण रहा कि करवाचौथ पर महिलाओं का सर्वाधिक जमावड़ा ब्यूटी पार्लरों, मेंहदी रचाने वालों, सौन्दर्य प्रसारणों तथा मिठाई विकेरताओं के यहां देखने को मिला। शहर के वार्ड-17 के तहत राममंदिर चौक के समीप रहने वाली महिला समाजसेविका रीतू रानी धर्मपत्नी मोहित खटटर, अंजलि रानी धर्मपत्नी कमल खटटर व श्रीमती सपना धर्मपत्नी विनीत रतड़ा, व्रत रखे गांव रायसीना की कैलाश देवी यादव, वार्ड-21 से नगरपार्षद निर्मला सैनी, वार्ड-19 से नगरपार्षद राखी बागड़ी, दमदमाढाणी की रहने वाली बृजेश खटाना, मनीषा अग्रवाल, कविता सैनी, रोशनी भारद्वाज, निर्मला खटाना, दीपा सिंगला, सरला गुप्ता, नमिता गुप्ता, चुंगी एक पर रहने वाली बबीता सैनी ने बताया कि महिलाओं का सर्वाधिक जमावड़ा ब्यूटी पार्लरों, मेंहदी रचाने वालों, सौन्दर्य प्रसारणों तथा मिठाई विकेरताओं के यहां देखने को मिल रहा है। महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा खास महत्त्व रखने वाले करवाचौथ के त्योहार पर हिन्दू समाज की महिलाएं अपनी सुहाग की रक्षा और उनकी दीर्घायु के लिए ना केवल उपवास रखती है बल्कि हाथों में आकर्षक मेंहदी सजा, रंग-बिरंगी डिजाईनयुक्त चूडिया, आकर्षक मनमोहक ब्रेसलेट पहन लुभावने परिधान और तरह-तरह के पकवानों के बीच अपने सुहाग रूपी पतिदेव को रिझाने में कोई कसर नही बाकी रख छोड़ती है। हालांकि करवाचौथ का त्यौहार सुहागिन, विवाहिताओं के लिए बताया गया है लेकिन बदलते आधुनिक युग में अविवाहित युवतियां भी किसी से तनिक भी पीछे नही रहना चाहती और वे भी मेंहदी रचवाने, नयी-नयी चूडिया खरीदने, पसंदीदा सौन्दर्य खरीदने के अलावा ब्यूटी पार्लरों पर गई। करवाचौथ के त्यौहार को लेकर सोहना के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। महिलाओं ने श्रंगार का सामान खरीदने के साथ-साथ कई नयी साडिय़ां भी खरीदी और अपने हाथों पर जमकर मेहंदी रचाई।

स्ट्रोक से बचने के लिए जीवनशैली में लाए बदलाव : डाक्टर प्रवीण यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर शहर के खेलस्टेडियम मैदान के सामने स्थित वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर में बृहस्पतिवार को विश्व स्ट्रोक दिवस के उपलक्ष्य में रोगियों को जागरूक बनाने के लिए एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। जागरूकता शिविर में मौजूद रोगियों के बीच बोलते हुए वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर निर्देशक व वरिष्ठ चिकित्सक प्रवीण यादव ने बताया कि पैरालाइज का बड़ा कारण ब्रेन स्ट्रोक है। वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर निर्देशक व वरिष्ठ चिकित्सक प्रवीण यादव ने कहा कि स्ट्रोक भारत में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। चिंताजनक बात यह है कि यह बीमारी अब बुजुर्गों के साथ-साथ युवाओं को भी तेजी से अपनी चपेट में ले रही है। इसलिए लोगों को ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होने स्ट्रोक की पहचान बताते हुए कहा कि स्ट्रोक की चपेट में आने पर मनुष्य का चेहरा टेढ़ा हो जाना, आवाज बदलना, शरीर के एक हिस्से में कमजोरी के साथ ताकत कम हो जाना इसके प्रमुख लक्षण है। यदि समय रहते इसका उपचार शुरू कर दिया जाए तो स्ट्रोक पर काबू पाया जा सकता है। स्ट्रोक के इलाज के लिए थरमोलिसिस थैरेपी केवल साढ़े चार घंटे के भीतर ही स्ट्रोक के मरीज पर कारगर रहती है। इस अवधि के दौरान यदि मरीज को इंजेक्शन की खुराक मिल जाए तो उसकी जान को बचाया जा सकता है क्योकि ट्रांसिएट एस्केमिक स्ट्रोक आने पर इंजेक्शन लगते ही तत्काल कलाट मिलने हो जाता है और मरीज ठीक होने लगता है। वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर निर्देशक व वरिष्ठ चिकित्सक प्रवीण यादव ने यह भी खुलासा किया कि पिछले कुछ वर्षों में हृदय रोगियों की तादाद में तेजी से इजाफा हुआ है। केवल फिट दिखने या जिम जाने वाले लोगों की दिल की सेहत भी दुरस्त हो, ऐसा जरूरी नही है।

स्ट्रोक भारत में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण : डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर शहर में दमदमा चौक के समीप स्थित एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल प्रांगण में बृहस्पतिवार को विश्व स्ट्रोक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रोगियों व आमंत्रितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति बातचीत करते हुए तुतलाने लगे और उसका मुंह टेढ़ा होने के साथ-साथ काम करना बंद कर दे तो यह ब्रेन स्ट्रोक का मुख्य लक्षण है। उन्होने कहा कि शुगर व बीपी नियंत्रित करने, धूम्रपान बंद करने, प्रदूषण वाली जगहों पर जाने से बचाव और वजन कम करके ब्रेन स्ट्रोक से 80 फीसदी तक बचा जा सकता है। अधिक चक्कर आना भी ब्रेन की परेशानी का कारण हो सकता है और पैरालाइज का बड़ा कारण ब्रेन स्ट्रोक है। एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा ने कहा कि स्ट्रोक भारत में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। चिंताजनक बात यह है कि यह बीमारी अब बुजुर्गों के साथ-साथ युवाओं को भी तेजी से अपनी चपेट में ले रही है। इसलिए लोगों को ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होने स्ट्रोक की पहचान बताते हुए कहा कि स्ट्रोक की चपेट में आने पर मनुष्य का चेहरा टेढ़ा हो जाना, आवाज बदलना, शरीर के एक हिस्से में कमजोरी के साथ ताकत कम हो जाना इसके प्रमुख लक्षण है। यदि समय रहते इसका उपचार शुरू कर दिया जाए तो स्ट्रोक पर काबू पाया जा सकता है। स्ट्रोक के इलाज के लिए थरमोलिसिस थैरेपी केवल साढ़े चार घंटे के भीतर ही स्ट्रोक के मरीज पर कारगर रहती है। इस अवधि के दौरान यदि मरीज को इंजेक्शन की खुराक मिल जाए तो उसकी जान को बचाया जा सकता है क्योकि ट्रांसिएट एस्केमिक स्ट्रोक आने पर इंजेक्शन लगते ही तत्काल कलाट मिलने हो जाता है और मरीज ठीक होने लगता है।

करवाचौथ दिखावे का नहीं बल्कि समर्पण का त्यौहार : रेनू जुनेजा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना नगरपरिषद के वार्ड-18 में पुराने बसअडडा के समीप रहने वाली महिला समाजसेविका श्रीमती रेनू जुनेजा धर्मपत्नी डाक्टर सतीश जुनेजा ने करवाचौथ के त्यौहार को दिखावे का नही बल्कि समर्पण का त्यौहार बताया है। उन्होने बताया कि पुराने समय में करवाचौथ केवल व्रत तक सीमित नही था बल्कि यह त्यौहार महिलाओं के आपसी मेल-मिलाप का प्रतीक रहा है। इस त्यौहार पर महिलाएं इकटठा होकर करवाचौथ की कथा सुनती, गीत गाती और अपने सुख-दुख को सांझा करती है। इस प्रकार यह त्यौहार रिश्तों में मिठास घोलने के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत बनाने का काम करता आ रहा है। करवाचौथ के व्रत की कथा सुनने के बाद मौजूद मातृशक्ति के बीच बोलते हुए महिला समाजसेविका श्रीमती रेनू जुनेजा ने कहा कि आज आधुनिक युग में इस त्यौहार का स्वरूप भी काफी बदल गया है। बाजारों में महंग कपड़ों, गहनों, श्रंगार के सामान और उपहारों की भरमार है। अब महिलाएं घरों में मेहंदी लगवाने की बजाय बाजारों में मेहंदी लगवाने को ज्यादा तरजीह दे रही है। वही सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालने और दूसरों से सुंदर दिखने की होड़ में इस त्यौहार की असल भावना को पीछे छोड़ दिया है। प्यार का इजहार अब कई जगह उपहारों और दिखावे से जोड़ा जाने लगा है। उन्होने महिलाओं को जागरूक बनाते हुए कहा कि अपनी चादर देखकर पैर पसारना ही समझदारी है। दूसरों की देखादेखी महंगी साडिय़ां, महंग उपहार और दिखावा करने की बजाय त्यौहार की असली खुशी, सादगी, प्यार और संगठित परिवार के बीच एक साथ रहने में है। जरूरी नही है कि दूसरों को प्रभावित करने के लिए अपने परिवार की खुशियों को दांव पर ना लगाए क्योकि रिश्तों की डोर कभी भी अमीरी बैंक खातों या महंगे उपहारों से नही आकी जाती बल्कि दिलों में प्यार और घर के सुख-चैन तथा संगठित परिवार, कुटुंब के आधार पर आकी जाती है।

सोहना में लग रहा जाम-त्यौहार के रंग में डाल रहा भंग : वीरेन्द्र यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू का कहना है कि सोहना शहर में भले ही दीवाली के त्यौहार का क्रेज लोगों के सिर चढक़र बोल रहा हो लेकिन यहां पार्किंग की व्यवस्था की कमी और दुकानों के आगे व सडक़ किनारे हाथरेहडिय़ों, ठेलियों, पटरी वालों के साथ-साथ दुकानदारों ने इतने जबरदस्त तरीके से अतिक्रमण कर लिया है कि दुकानदार तो दूर पैदल राहगीर भी नही निकल पा रहे है तो शहर में सर्विस रोड़ पर भी जबरदस्त अतिक्रमण का बोलबाला है। शहर में दमदमा चौक, चिल्डप्वाइंट चौक, बालूदा रोड़, हास्पिटल रोड़, बसअडडा चौक, बाईपास चौक, नूंह रोड़, पलवल रोड़, तावडू रोड़, गुरूग्राम रोड़ पर भी जबरदस्त अतिक्रमण के चलते राहगीर और वाहन चालक सभी परेशान हो रहे है लेकिन ना तो यातायात पुलिस इस तरफ ध्यान दे रही है, ना ही नगरपरिषद प्रशासन इस तरफ ध्यान दे रहा है और ना ही पुलिस प्रशासन इस तरफ ध्यान दे रहा है। और तो और यातायात पुलिस भी इस तरफ से अनदेखी करते हुए लापरवाही बरत रही है। खामियाजा लोगों को उठाना पड़ रहा है और शिवनगरी सोहना शहर के बाजारों में बार-बार लग रहे जाम के कारण लोगों को पार्किंग की जददोजहद में समय गुजारना पड़ रहा है। बाजार में थोड़ी-थोड़ी देर में बार-बार लग रहा जाम ग्राहकों और दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू का कहना है कि नगरपरिषद व पुलिस प्रशासन को त्यौहार के दृष्टिगत बाजार में सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक लग्जरी गाडिय़ों और 4 पहिया के साथ-साथ दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगानी चाहिए ताकि बाजार में बार-बार लगने वाले जाम से निजात पाई जा सके। उन्होने बताया कि सोहना, भौंड़सी, मारूतिकुंज और बादशाहपुर समेत सोहना शहर व गांवों के बाजारों में सडक़ों पर किए गए अतिक्रमण के चलते बाजार में सामान खरीदने आने वाले लोग पैदल भी नही निकल पा रहे है। त्यौहारों के सीजन में यहां पर नगरपरिषद प्रशासन बाजार और सडक़ों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने की बजाय अनदेखी बरत रही है और अतिक्रमण हटाने के लिए कोई भी कार्रवाई अमल में नही लाई जा रही है। देखने में आ रहा है कि बाजार में जगह-जगह दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर सडक़ पर कब्जा कर इतना सामान लगाया हुआ है, जितना दुकान के भी नजर नही आता और दुकानों के आगे कही टीन शैड तो कही तिरपाल तो कही ठेलियों तो कही सामान आदि होने से चौड़ी-चौड़ी सडक़ें संकरी बनकर रह गई है तो जगह-जगह हाथरेहडिय़ों की भरमार है तो लोगों ने जगह-जगह सडक़ों के किनारे वाली पटरी आदि पर कही लकड़ी के तख्त तो कही टेबल तो कही चबूतरे बनाकर तो कही सीढिय़ों आदि के जरिए अतिक्रमण किया हुआ है। यहां पर नगरपरिषद के बार-बार दावों के बावजूद वैडिंग योजना बनाने के बावजूद अभी तक सिरे नही चढ़ पाई है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू का कहना है कि नगरपरिषद प्रशासन धरातल पर ईमानदारी से अतिक्रमण को हटाने की बजाय कागजी आंकड़ों का पेटा भरने और हवाई दावे करने तक ही सिमट कर रह गया है। लोगों में चर्चाएं है कि कुछ ऐसे दुकानदार है, जिन्होने अपनी दुकानों के आगे सरकारी भूमि पर हाथरेहड़ी अथवा तख्त और टेबल आदि लगाने के लिए 30 से 50 हजार रुपए माहवार रूप में गुपचुप तरीके से किराए पर देकर मोटी चांदी कूट रहे है। दुकानों के आगे हाथरेहड़ी अथवा तख्त और टेबल आदि पर सामान बेचने वाले दुकानदारों से सामान खरीदने के लिए ग्राहकों के सडक़ पर खड़े होने से आवाजाही में व्यवधान बन रहा है और बार-बार जाम जैसे हालात बन रहे है। उन्होने कहा कि पुलिस प्रशासन के साथ-साथ विशेषकर एनएचएआई, नगरपरिषद और स्थानीय पुलिस प्रशासन को इस तरफ ध्यान देकर नेशनल व स्ट्रीट हाईवे वाले सर्विस रोड़ों, चौक-चौराहों व सडक़ मार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाना चाहिए।

गरीबों के साथ मिल-जुलकर मनाए दीवाली का त्यौहार : विजय अग्रवाल

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान तथा अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल ने लोगों से दीवाली पर जहरीले पटाखे ना चलाने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि पटाखों से बचाए गए पैसों से मिठाई और वस्त्र आदि खरीद कर अपने आसपास रहने वाले गरीब परिवारों में मिठाई और वस्त्र वितरित की जाए ताकि अत्यंत निर्धन परिवारों के बच्चे भी दीवाली के त्यौहार का आनंद उठाए। अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन महाराज ने भी अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने और समाजवाद व समानता लाने के लिए अपने राज में एक ईंट-एक रुपया का प्रचलन चलाया था। जब कोई परिवार बाहर से उनकी नगरी में रहने आता था तो सभी लोग उसे एक रुपया और एक ईंट देते थे ताकि ईंटों से वह मकान, दुकान बनाए और रुपयों से कारोबार करे। ईट और रुपयों की बदौलत बाहर से महाराजा अग्रसेन की नगर में आने वाला परिवार उसी दिन ईंट और रुपयों को पाने पर अन्य परिवारों के समान बन जाता था और सभी परिवारों में आपसी प्रेम-प्यार, सौहार्द बढ़ता था।

प्रधानमंत्री किसानों के खातों में आज डालेंगे पीएम किसान योजना की 24वीं किस्त : भाजपा नेत्री भारती हरसाना

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती हरसाना तथा भाजपा नेता मनीष हरसाना ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार, 30 अक्टूबर को गुजरात के बनासकाठा जनपद के गांव बिलडी में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त के रूप में देश भर के 9.34 करोड़ से ज्यादा किसान परिवारों को 18 हजार 680 करोड़ रुपए से ज्यादा की वित्तीय सहायता राशि सीधे उनके खातों में डालेंगे और खुशी की बात यह है कि इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बनास डेरी 2 बायोगस गैस संयत्रों की आधारशिला रखेंगे और इसी मौके पर 328.77 करोड़ की लागत से बने भारत बोवाइन ब्रिडिंग एंड रिसर्च सेंटर का भी विधिवत रूप में उदघाटन करेंगे। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बनास डेरी की आलू प्रसंस्करण परियोजना के विस्तार और यूएचटी संयंत्र की स्वचालित भंडारण प्रणाली का भी विधिवत रूप में उदघाटन करेंगे। भाजपा नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती हरसाना तथा भाजपा नेता मनीष हरसाना ने बताया कि इससे अगले दिन 31 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लौहपुरूष सरदार वल्लभ पटेल की 151वीं जयंती पर एकतानगर में आयोजित किए गए राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि रूप में शिरकत करेंगे।

पहली नवम्बर को समाज की पंचायत में लेंगे बढ़-चढ़कर हिस्सा : रोहित गर्ग

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने बृहस्पतिवार को अग्रवाल समाज के लोगों से सम्पर्क कर उन्हे हरियाणा दिवस पर पहली नवम्बर को समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए पलवल में वैश्य अग्रवाल समाज के तत्वाधान में आयोजित हो रही मंथन पंचायत में साथियों समेत चलने का निमंत्रण दिया और बताया कि इस पंचायत में कई जिलों से अग्रवाल समाज के लोग गौत्रवाद और पार्टीबाजी जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर बढ़-चढक़र शामिल होंगे। ऐसे में हमारा भी फर्ज बनता है कि इस पंचायत में सोहना का अग्रवाल समाज भी बढ़-चढकर हिस्सा ले।

जलभराव वाला पानी यमुना में पहुंचाने के लिए हो रही डीपीआर तैयार : नारायण भड़ाना

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर नयागांव में रहने वाले भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व नगरनिगम पार्षद नारायण भड़ाना ने बताया कि बरसात के दिनों में होने वाले जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए गुरूग्राम से बाया सोहना, नूंह, पलवल बनाई जाने वाली ड्रेन परियोजना की डीपीआर अंतिम चरण में है। उन्होने बताया कि जापान की कम्पनी निप्पान कोड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इस परियोजना की लागत, ड्रेन के मार्ग और निर्माण के स्वरूप का निर्धारण करने के लिए डीपीआर तैयार कर रही है ताकि गुरूग्राम के जलभराव वाले पानी को सोहना लाकर यहां से नूंह और पलवल के रास्ते यमुना नदी में पहुंचाया जा सके।

गांव लालाखेड़ली के सरकारी स्कूल को मिलेगा एक्सीलेंस स्कूल का दर्जा : ओमप्रकाश तंवर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव सिलानी में रहने वाले जिलापरिषद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तंवर ने बताया कि सोहना खंड के गांव लालाखेड़ली स्थित सरकारी प्राथमिक स्कूल को अब जल्द ही एक्सीलेंस स्कूल का दर्जा मिलेगा। ऐसा होने पर इस स्कूल को गर्वनमेंट चीफ मिनिस्टर एक्सीलेंस एंड अरली इंग्लिश प्राइमरी स्कूल के नाम से जाना जाएगा और इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने के साथ-साथ सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होने बताया कि एक्सीलेंस स्कूल का दर्जा मिलने पर इस स्कूल में कक्षा पहली से ही अंग्रेजी की पढ़ाई होगी और हिंदी व अंग्रेजी के अलग-अलग सेक्शन होंगे। विद्यार्थियों से तय नियमित फंड के अलावा कोई दूसरी फीस भी नही ली जाएगी।

हरियाणा दिवस पर होने वाली रैली में बढ़-चढक़र होंगे शामिल : कांगे◌ंरस नेता मनीष खटाना

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव दमदमा के रहने वाले कांग्रेस पार्टी के राज्य प्रवक्ता मनीष खटाना ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र में दर्जनों गांवों का दौरा कर ग्रामीणों व पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने साथ हरियाणा दिवस पर पहली नवम्बर को कांग्रेस के झंडे तले दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित हो रही वोट बचाओ-देश बचाओ रैली में शामिल होने का निमंत्रण दिया और दावा किया कि इस रैली को लेकर को लेकर क्षेत्र के लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल नजर आ रहा है। लोग अपने वाहनों से रैली में चलने के लिए रजामंदी दे रहे है।

41 गांवों के पानी में डूबे खेतों को 53 करोड़ से मिलेगी उड़ान : भाजपा नेता योगेश तंवर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने बताया कि सैम प्रभावित 41 गांवों में 22 हजार, 132 एकड़ जमीन में भरे पानी में डूबे खेतों को 53 करोड़ रुपए की लागत से नई उड़ान मिलेगी। उन्होने बताया कि टेंडर लेने वाली एजेंसी 3 वर्षों तक सौलर टयूबवैल में आने वाली खामियों को ठीक करने की जिम्मेदार होगी। उन्होने बताया कि सरकार ने इंडरी खंड के 12 गांवों की 5 हजार 637 एकड़ भूमि को सैम मुक्त बनाने के लिए 5 करोड़ 36 लाख रुपए का टेंडर जारी किया है। इन गांवों में सौलर टयूबवैल लगाए जाएंगे।

पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक ने रैली के लिए कार्यकर्ताओं की लगाई ड्यूटी

एक नवंबर की महारैली को लेकर सोहना में कांग्रेस की बैठक आयोजित : कांग्रेस नेता जितेन्द्र भारद्वाज

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। एक नवंबर को आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली एवं मार्च की तैयारियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बृहस्पतिवार को यहां पर भगत सिंह फौहारा चौक के समीप स्थित लोहिया धर्मशाला में आयोजित हुई। इस बैठक में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व सांसद चौधरी धर्मपाल मलिक के साथ-साथ हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज मौजूद रहे। कांग्रेस नेता चौधरी महेश घोडारोप ने बताया कि इस कार्यकर्ता बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान महारैली की तैयारियों, संगठनात्मक समन्वय, जनसंपर्क और कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक नवंबर को रैली की तैयारियों को लेकर अपने सुझाव रखे तो वही पार्टी नेताओं ने संगठन की सक्रियता बढ़ाने, आपसी तालमेल मजबूत करने और महारैली के संदेश को आम नागरिकों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद चौधरी धर्मपाल मलिक ने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद जनता के मताधिकार और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर टिकी होती है। प्रत्येक नागरिक के वोट का समान महत्व है और चुनावी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के

माध्यम से मताधिकार, संविधान और चुनावी पारदर्शिता से जुड़े मुद्दों को उठा रही है। उन्होंने संगठनात्मक अनुशासन, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और कार्यक्रम की व्यवस्थित तैयारियों को महत्वपूर्ण बताया। पूर्व सांसद चौधरी धर्मपाल मलिक ने कहा कि किसी भी बड़े संगठनात्मक आयोजन की सफलता कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास और जिम्मेदारियों के प्रभावी निर्वहन पर निर्भर करती है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेंद्र भारद्वाज ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 'वोट बचाओ-देश बचाओ' केवल एक नारा नहीं, बल्कि संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए चुनावी प्रक्रिया का निष्पक्ष और पारदर्शी होना अत्यंत आवश्यक है। कांग्रेस पार्टी इन मुद्दों को लगातार प्रमुखता से उठा रही है। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। गांव, कस्बे और शहर के स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही संगठन को मजबूत आधार प्रदान करती है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। बैठक के दौरान महारैली की तैयारियों को लेकर स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों, विभिन्न क्षेत्रों में संपर्क और कार्यक्रम से संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। वर्धन यादव ने कहा कि बड़े कार्यक्रमों की सफलता के लिए समयबद्ध तैयारी, स्पष्ट जिम्मेदारियां और कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संवाद आवश्यक है। बैठक में सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र की भागीदारी को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर कार्यक्रम की जानकारी लोगों तक पहुंचाने और संगठनात्मक स्तर पर बेहतर तालमेल बनाए रखने को कहा गया।

प्रेम और विश्वास का प्रतीक है करवाचौथ का त्यौहार : समाजसेविका अंजलि शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। क्षेत्र की प्रमुख समाजसेविका पंडिताईन श्रीमती अंजलि शर्मा खेड़लिया ने करवाचौथ के त्यौहार को प्रेम और विश्वास का प्रतीक त्यौहार बताया है। बृहस्पतिवार को महिला जागृति मंच के तत्वाधान में करवाचौथ के त्यौहार पर आयोजित महिला मिलन समारोह में मौजूद मातृशक्ति के बीच बोलते हुए क्षेत्र की प्रमुख समाजसेविका श्रीमती अंजलि शर्मा खेड़लिया ने करवाचौथ के त्यौहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए करवाचौथ का व्रत रखती है। यह करवा नाम की धोबिन के नाम पर पड़ा है। करवा इतनी बहादुर महिला थी कि उसने मगरमच्छ के मुंह से अपने पति की जान बचाई। जिससे खुश होकर यमराज ने करवा को उसके पति की दीर्घायु होने का वरदान दिया और साथ ही यह भी कहा कि जो सुहागिन स्त्री करवाचौथ का व्रत रखेगी, उसको सौभाग्यवती होने का वरदान मिलेगा। उन्होने कहा कि प्राचीनकाल से चली आ रही कथा के अनुसार प्राचीनकाल में करवा नाम की धोबिन थी। जिसका पति बहुत ही बुजुर्ग था। जब धोबिन कपड़े धोने नदी के किनारे जाती थी, तब उसका पति उसके साथ ही जाता था। एक दिन करवा नदी में कपड़े धो रही थी। तभी उसके पति के एक पैर को मगरमच्छ ने मुंह में दबा लिया। तब उसके पति ने मदद के लिए करवा को आवाज लगाई। पति की आवाज सुन करवा दौडक़र मगरमच्छ के पास पहुंची और उसने मगरमच्छ को कच्चे धागे से बांध लिया। जिसके बाद वह यमराज के पास आई। करवा ने यमराज से गुहार लगाई कि उसके पति को दीर्घायु करे। इसलिए वह आपके लोक में आए है। यमराज ने

पूरा मामला जानने के बाद उसके वृद्ध पति को मगरमच्छ के चंगुल से छुड़वाया। तब करवा यमराज को अपने घर ले गई और उनको अच्छे पकवान बनाकर खिलाए लेकिन इस दौरान करवा ने सुबह से शाम तक अन्न-जल ग्रहण नही किया। जिससे उसका पूरे दिन व्रत हो गया। जिस पर यमराज ने खुश होकर करवा को वरदान दिया कि जो महिला इस दिन उपवास रखेगी, उसके पति की आयु लंबी होगी। तभी से महिलाएं करवाचौथ का व्रत पूरी श्रद्धा के साथ रखती चली आ रही है। क्षेत्र की प्रमुख समाजसेविका श्रीमती अंजलि शर्मा खेड़लिया ने करवाचौथ के त्यौहार को प्रेम और विश्वास का प्रतीक त्यौहार बताया और कहा कि भारतीय विवाहित महिलाओं के लिए सिंदूर का बहुत महत्व है।

करवाचौथ को प्रेम और विश्वास का प्रतीक त्यौहार माना गया है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखकर विशेष श्रंगार करती है। सजती-संवरती है और चांद के उदय होने पर अपने पति की पूजा अर्चना कर उनसे सुरक्षा का आशीर्वाद प्राप्त कर व्रत का समापन करती है। चंद्रमा को करवे से जल का अघ्र्य दिया जाता है। नई-नवेली दुल्हन की पहली करवाचौथ पर चीनी से बने करवे भेजे जाने की परम्परा प्राचीनकाल से चली आ रही है।

प्रदूषण मुक्त दीवाली सभी मिल-जुलकर मनाए : बाबू हेमराम खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव रिठौज में रहने वाले गुर्जर महापंचायत के संयोजक बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट ने समाज के लोगों से कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाने का आग्रह किया है। उन्होने बृहस्पतिवार को गांव रिठौज में समाज के लोगों को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ चलाए जा रहे 13 सूत्री कार्यक्रम से अवगत कराया और लोगों से दीवाली पर बम-पटाखे ना छोडऩे का आग्रह किया। उन्होने कहा कि ये चीजें गंदगी तो फैलाती ही है, साथ में प्रदूषण को भी बढ़ावा देती है। उन्होने कहा कि अयोध्या में जब राम वापिस आए तो नगरवासियों ने सफाई करके दीप जलाए थे। उन्होने कहा कि रात को लक्ष्मी पूजन के लिए हम खुशबूदार धूपबत्ती जलाकर लक्ष्मी को प्रसन्न करते है। वही आस-पडोस में जहरीला धुआं छोड़ते है, जो पूरे वातावरण को दूषित करता है। ऐसा कदापि ठीक नहीं है। इससे सारा आयोजन उल्टा पड़ सकता है। उन्होंने जनता से दीवाली पर जहरीले पटाखे ना चलाने का आग्रह किया है। कार्यक्रम के संयोजक युवा समाजसेवी सरताज खटाना एडवोकेट, एडवोकेट सचिन खटाना रिठौजिया ने बताया कि इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए गुर्जर महापंचायत के संयोजक बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट ने कहा कि पटाखों से बचाए गए पैसों से मिठाई और वस्त्र आदि खरीद कर अपने आसपास रहने वाले गरीब परिवारों में मिठाई और वस्त्र वितरित की जाए ।

दीपावली मिठाई वितरित कर देशी घी के दीए जलाकर मनाए : महेन्द्र सिंह राणा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा के वन, पर्यावरण और खेल राज्यमंत्री रहे कुंवर संजय सिंह के निजी सहायक रहे व युवा समाजसेवी कुंवर महेन्द्र सिंह राणा तथा भाजपा युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी जितेन्द्र राणा व स्थानीय श्री शिवकुंड प्रबंधन कमेटी के पूर्व प्रधान अनुराग राणा ने लोगों से दीवाली पर जहरीले पटाखे ना चलाने का आग्रह किया है। उपरोक्त जागरूक युवाओं का कहना है कि पटाखों से बचाए गए पैसों से मिठाई और वस्त्र आदि खरीद कर अपने आसपास रहने वाले गरीब परिवारों में मिठाई और वस्त्र वितरित की जाए ताकि अत्यंत निर्धन परिवारों के बच्चे भी दीवाली के त्योहार का आनंद उठाए। उन्होने कहा कि अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन महाराज ने भी अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने और समाजवाद व समानता लाने के लिए अपने राज में एक ईंट-एक रुपया का प्रचलन चलाया था। जब कोई परिवार बाहर से उनकी नगरी में रहने आता था तो सभी लोग उसे एक रुपया और एक ईंट देते थे ताकि ईंटों से वह मकान, दुकान बनाए और रुपयों से कारोबार करे। ईट और रुपयों की बदौलत बाहर से महाराजा अग्रसेन की नगर में आने वाला परिवार उसी दिन ईंट और रुपयों को पाने पर अन्य परिवारों के समान बन जाता था और सभी परिवारों में आपसी प्रेम-प्यार, सौहार्द बढ़ता था।

सोहना के गांव भौंड़सी में अवैध कॉलोनियों में जमकर चला पीला पंजा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंडसी में करोड़ों रुपए की कीमत रखने वाली करीब 20 एकड़ जमीन में काटी गई 2 अवैध कॉलोनियों में आज डीटीपी दस्ते का पीला पंजा जमकर चला। इस मौके पर गांव भौंडसी में कृषि योग्य भूमि में अवैध रूप रूप से काटी गई 2 कॉलोनियों मे सैकड़ों से ज्यादा डीपीसी, चारदीवारी, प्रोपर्टीडीलरों के कार्यालय, दुकानें, कई निर्माणाधीन कमरों समेत सभी अवैध निर्माण पीले पंजे की मदद से जमीदोज किए गए है। तोडफ़ोड़ कार्रवाई को अंजाम देते वक्त डयूटी मजिस्टे◌ंरट के साथ भारी पुलिसबल के साथ-साथ महिला पुलिस भी विशेष रूप से मौजूद रही। डीटीपीई अमित मधोलिया का कहना है कि जिन लोगों ने यहां अवैध कॉलोनियां काटी है, उन भूमाफियाओं के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

उन्होने बताया कि बिना लाइसेंस लिए कृषि योग्य भूमि पर यह अवैध कॉलोनियां काटी गई और खरीददारों ने खरीदी गई भूमि पर निर्माण शुरू कर दिए। जिनकी भूमि पर अवैध कॉलोनी कटी है, उनके नाम सामने आए है। जो कॉलोनी काट रहे थे, उनकी पहचान की जा रही है। इन सभी के खिलाफ जल्द ही संबंधित पुलिस पुलिस थानों में नामजद मुकदमे दर्ज कराए जाएंगे। साथ ही इन कॉलोनियों की रजिस्ट्री ना करने के लिए सोहना तहसील कार्यालय में कार्यरत तहसीलदार व नायबतहसीलदार सोहना को निर्देश दिए गए है। डीटीपीई अमित मधोलिया का कहना है कि उन्होने पहले भी कई बार निर्माणकर्ताओं को नोटिस जारी कर इस भूमि पर बिना एनओसी और लिखित अनुमति के निर्माण कार्य ना किए जाने की हिदायतें दी थी लेकिन वह हिदायतों की पालना करने की बजाय निर्माण कार्य कराते रहे। जब इस बात की भनक उन्हे लगी तो उन्होने अपने स्तर पर जांच कराई तो शिकायत सही मिली। जिसके बाद तोडफ़ोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। लोगों में यह चर्चाएं जोर पकड़ रही है कि अप्रत्यक्ष रूप में सत्तारूढ़ पार्टी के अपने राजनीतिक आकाओं का संरक्षण प्राप्त भूमाफिया सरकार की बंदिश के बावजूद बिना एनओसी और बिना लाइसेंस लिए इन अवैध कॉलोनियों को काटकर चांदी कूटने का काम कर रहे है।

पहली नवम्बर से ऑनलाइन हो सकेगा बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदन : योगी राघव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार के रोजगार विभाग द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के लिए एक नवंबर, 2026 से 30 नवंबर, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पात्र अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर निर्धारित अवधि के दौरान आवेदन कर सकते हैं। उन्होने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए आवेदकों को निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करनी होंगी। आवेदक के पास गुरुग्राम जिले का निवासी प्रमाण-पत्र (डोमिसाइल) तथा परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है। आवेदक का रोजगार कार्यालय में पंजीकरण एक नवंबर, 2026 को कम से कम तीन वर्ष पुराना होना चाहिए तथा उसकी आयु 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ

क्षेत्रीय नेता योगी राघव ने बताया कि इसके अतिरिक्त आवेदक के परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक के परिवार की आवासीय एवं वाणिज्यिक संपत्ति का मूल्य 10 लाख रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए अथवा कृषि भूमि दो हेक्टेयर से अधिक नहीं होनी चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास या दसवीं के बाद दो वर्षीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना आवश्यक है। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव ने बताया कि वर्तमान में विद्यार्थी, प्रशिक्षु या अप्रेंटिस के रूप में कार्यरत अभ्यर्थी इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। विवाहित महिला आवेदक के मामले में परिवार की पात्रता निर्धारित करते समय उसके ससुराल पक्ष के परिवार को शामिल किया जाएगा, ना कि माता-पिता एवं भाई-बहन के परिवार को। उन्होंने पात्र अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे आवेदन करने से पहले सभी निर्धारित शर्तों की जांच कर लें और अंतिम तिथि से पूर्व विभागीय पोर्टल पर अपना आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें।

बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए 30 नवंबर तक करे ऑनलाइन आवेदन : धर्मबीर डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार के रोजगार विभाग द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के लिए एक नवंबर, 2026 से 30 नवंबर, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पात्र अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर निर्धारित अवधि के दौरान आवेदन कर सकते हैं।

उन्होने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए आवेदकों को निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करनी होंगी। आवेदक के पास गुरुग्राम जिले का निवासी प्रमाण-पत्र (डोमिसाइल) तथा परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है। आवेदक का रोजगार कार्यालय में पंजीकरण एक नवंबर, 2026 को कम से कम तीन वर्ष पुराना होना चाहिए तथा उसकी आयु 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने बताया कि वर्तमान में विद्यार्थी, प्रशिक्षु या अप्रेंटिस के रूप में कार्यरत अभ्यर्थी इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। विवाहित महिला आवेदक के मामले में परिवार की पात्रता निर्धारित करते समय उसके ससुराल पक्ष के परिवार को शामिल किया जाएगा, ना कि माता-पिता एवं भाई-बहन के परिवार को। उन्होंने पात्र अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे आवेदन करने से पहले सभी निर्धारित शर्तों की जांच कर लें और अंतिम तिथि से पूर्व विभागीय पोर्टल पर अपना आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें।

पर्यावरण संतुलन के लिए बिजली बचत बहुत ही जरूरी : युवा समाजसेवी नवीन सैनी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर नंगली मोड से सोहनाढाणी आवाजाही वाले सडक़ मार्ग पर रहने वाले सैनी समाज के युवा नेता व ई-रिक्शा चालक एसोसिएशन के प्रधान नवीन सैनी हिरमथला ने कहा कि लोगों को अपने घरों में 60, 100 और 200 वाट के बल्बों की बजाय एलईडी व स्लिम टयूब लाईटों का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे बिजली की खपत कम होगी। पर्यावरण संतुलित रहेगा। सैनी समाज के युवा नेता व ई-रिक्शा चालक एसोसिएशन के प्रधान नवीन सैनी हिरमथला ने कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते है। युवा नेता नवीन सैनी ने लोगों से आग्रह किया है कि वह दीपावली के त्यौहार पर पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने।

बिजली की बचत कर पटाखे चलाने से करे परहेज : युवा समाजसेवी कैलाश सैनी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर गांव सांपकीनंगली मोड से सोहनाढाणी आवाजाही वाले सडक़ मार्ग पर रहने वाले सैनी समाज के युवा नेता और बिजली मैकेनिक कैलाश सैनी हिरमथला ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली के त्यौहार पर वह पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। सैनी समाज के युवा नेता और बिजली मैकेनिक कैलाश सैनी हिरमथला ने कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते है। सैनी समाज के युवा नेता और बिजली मैकेनिक कैलाश सैनी हिरमथला ने लोगों से आग्रह किया है कि वह दीपावली के त्यौहार पर पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने।

प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने के लिए बम-पटाखे चलाने से करे परहेज : सैंकी सिंगला

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर दवा विक्रेता एसोसिएशन से जुड़े अग्रवाल युवा नेता सैंकी सिंगला ने लोगों से दीवाली पर बम-पटाखे ना फोडऩे का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि ये चीजें गंदगी तो फैलाती ही है, साथ में प्रदूषण को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जब राम वापिस आए तो नगरवासियों ने सफाई करके दीप जलाए थे। उन्होने कहा कि रात को लक्ष्मी पूजन के लिए हम खुशबूदार धूपबत्ती जलाकर लक्ष्मी को प्रसन्न करते है। वही आस-पडोस में जहरीला धुआं छोड़ते है, जो पूरे वातावरण को दूषित करता है। ऐसा कदापि ठीक नहीं है। इससे सारा आयोजन उल्टा पड़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि लोग जागरूक बने और बम-पटाखे चलाकर प्रदूषण को बढ़ावा देने की बजाय देशी घी के दीए जलाए और झुग्गी-झोपडिय़ों में रहने वाले परिवारों के बीच मिठाई बांटकर दीवाली की खुशियों को एक-दूसरे से सांझा करे।

गरीबों के साथ मिल-जुलकर मनाए दीवाली का त्यौहार : कमल गुप्ता

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर जीआईसी और एलआईसी एंजेट कमल गुप्ता ने लोगों से दीवाली पर जहरीले पटाखे ना चलाने का आग्रह किया है। जीआईसी और एलआईसी एंजेट कमल गुप्ता का कहना है कि पटाखों से बचाए गए पैसों से मिठाई और वस्त्र आदि खरीद कर अपने आसपास रहने वाले गरीब परिवारों में मिठाई और वस्त्र वितरित की जाए ताकि अत्यंत निर्धन परिवारों के बच्चे भी दीवाली के त्योहार का आनंद उठाए। उन्होने कहा कि अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन महाराज ने भी अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने और समाजवाद व समानता लाने के लिए अपने राज में एक ईंट-एक रुपया का प्रचलन चलाया था। जब कोई परिवार बाहर से उनकी नगरी में रहने आता था तो सभी लोग उसे एक रुपया और एक ईंट देते थे ताकि ईंटों से वह मकान, दुकान बनाए और रुपयों से कारोबार करे। ईट और रुपयों की बदौलत बाहर से महाराजा अग्रसेन की नगर में आने वाला परिवार उसी दिन ईंट और रुपयों को पाने पर अन्य परिवारों के समान बन जाता था और सभी परिवारों में आपसी प्रेम-प्यार, सौहार्द बढ़ता था।

ग्रीन पटाखे चलाए-प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाए : डाक्टर राशिद खान

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर गांव सांपकीनंगली के समीप स्थित लाइफकेयर स्वास्थ्य केन्द्र निर्देशक डाक्टर राशिद खान ने लोगों को दीपावली पर पटाखे ना चलाने का आग्रह किया है ताकि प्रदूषण पर रोक लगे। पर्यावरण को बढ़ावा मिले। उन्होने कहा कि आज बच्चे पटाखे चलाने को प्राथमिकता देते है। यदि पटाखे चलाने ही है तो सुरक्षित तरीके से हल्के बारूद वाले ग्रीन पटाखे चलाए। जिससे ध्वनि प्रदूषण कम होगा। उन्होने लोगों को परामर्श दिया है कि बच्चों को हल्के ग्रीन पटाखे खरीद कर दे। पटाखे चलाते वक्त बच्चों के साथ रहे। किसी भी पटाखे को चलाने के लिए उचित दूरी बनाना जरूरी है। एक लकड़ी पर मोमबत्ती बांधकर रखे ताकि पटाखों को चलाते वक्त उचित दूरी बनी रहे। लाइफकेयर स्वास्थ्य केन्द्र निर्देशक डाक्टर राशिद खान ने कहा कि अगर व्यक्ति के कपड़ों में आग लग जाए तो उस पर पानी ना डाले। कोई भी कंबल या सूती कपड़ा डालकर आग बुझाए। आग लगने पर यदि व्यक्ति अकेला है तो जमीन पर लेटकर अपने शरीर को पलटी मारना शुरू करे। ऐसे में आग बुझ जाएगी। अगर पटाखा चलाते समय हाथ या शरीर पर बारूद लगा है तो ठंडे पानी से साफ करे। जले हुए हिस्से पर तेल आदि कुछ ना लगाए। तुरंत योग्य डाक्टर को दिखाए। लाइफकेयर स्वास्थ्य केन्द्र निर्देशक डाक्टर राशिद खान ने बताया कि दीवाली पर प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने व ग्रीन पटाखे ही चलाने के लिए बच्चों व लोगों को जागरूक बनाने के लिए लाइफकेयर स्वास्थ्य केन्द्र की तरफ से आज से एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। अभियान के तहत शहरी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों और क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर सूरज स्वास्थ्य केन्द्र की टीम बच्चों व लोगों को जागरूक बनाने का काम करेगी।

प्रेम और विश्वास का प्रतीक है करवाचौथ का त्यौहार : समाजसेविका बबीता सैनी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपरिषद के वार्ड-19 में रहने वाली महिला समाजसेविका बबीता सैनी उर्फ बबली सैनी धर्मपत्नी लोकेश सैनी लुक्का ने करवाचौथ के त्यौहार को प्रेम और विश्वास का प्रतीक त्यौहार बताया है। सैनी महिला जागृति मंच के तत्वाधान में करवाचौथ के त्यौहार पर आयोजित महिला मिलन समारोह में मौजूद मातृशक्ति के बीच बोलते हुए महिला समाजसेविका बबीता सैनी उर्फ बबली सैनी ने करवाचौथ के त्यौहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए करवाचौथ का व्रत रखती है। यह करवा नाम की धोबिन के नाम पर पड़ा है। करवा इतनी बहादुर महिला थी कि उसने मगरमच्छ के मुंह से अपने पति की जान बचाई। जिससे खुश होकर यमराज ने करवा को उसके पति की दीर्घायु होने का वरदान दिया और साथ ही यह भी कहा कि जो सुहागिन स्त्री करवाचौथ का व्रत रखेगी, उसको सौभाग्यवती होने का वरदान मिलेगा।

त्यौहारी सीजन में पुलिस हुई सक्रिय-बाजार में चार पहिया वाहनों पर लगाई रोक

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): त्यौहारी सीजन में स्थानीय बाजारों में ग्राहकों की दिनोंदिन बढ़ रही भीड़भाड़ को देख स्थानीय पुलिस प्रशासन ने बाजार के भीतर 4 पहिया वाहनों की आवाजाही पर आगामी आदेशों तक के लिए पाबंदी लगाई है ताकि बाजार को जाम मुक्त रखा जा सके और बाजारों में खरीददारी करने आने वाले ग्राहकों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। शहर पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह, शहर पुलिस चौकी प्रभारी सबइंस्पेक्टर मनोज कुमार ने मातहत पुलिस अधिकारियों को बाजार में सभी चौक-चौराहों पर बेरिकेट लगाने और बाजार में आवाजाही करने वाले 4 पहिया वाहनों पर प्रभावी तरीके से रोक लगाए जाने के निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि जो भी 4 पहिया वाहन चालक बाजार में वाहन घुसाने की कोशिश करेगा, मौके पर ही उसका चालान काट वाहन को जब्त करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

ऋणधारक समय पर करें बकाया ऋणों का भुगतान : चेयरमैन सुभाष बंसल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा राज्य सहकारी आवास प्रसंघ लिमिटेड (हाउसफेड) की 30वीं वार्षिक आम सभा की बैठक हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रसंघ के प्रबंध निदेशक योगेश शर्मा ने आम सभा के समक्ष विभिन्न एजेंडा प्रस्तुत करते हुए संस्था की वित्तीय स्थिति, वार्षिक उपलब्धियों, ऋण वसूली तथा अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों का विवरण रखा। प्रबंध निदेशक योगेश शर्मा ने बताया कि हाउसफेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान एकमुश्त निपटान योजना के अंतर्गत लगभग 10.84 करोड़ रुपये की वसूली की गई। उन्होंने कहा कि संस्था की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए बकाया ऋणों की वसूली, वित्तीय अनुशासन तथा उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने सदस्य सहकारी समितियों एवं व्यक्तिगत ऋणधारकों से अपने बकाया ऋणों का समय पर भुगतान करने का आह्वान किया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की अंकेक्षित बैलेंस शीट एवं वार्षिक प्रतिवेदन विचारार्थ प्रस्तुत किए गए। हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने बताया कि इकत्तीस मार्च, 2025 तक प्रसंघ की कुल शेयर पूंजी लगभग 27 करोड़ रुपए रही, जिसमें राज्य सरकार, सदस्य सहकारी समितियों तथा व्यक्तिगत सदस्यों की भागीदारी शामिल है। बैठक में गत सत्ताईस फरवरी, 2025 को आयोजित वार्षिक आम सभा की कार्यवाही की पुष्टि, वित्तीय वर्ष 2024-25 की अंकेक्षित बैलेंस शीट एवं वार्षिक प्रतिवेदन तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। चेयरमैन सुभाष बंसल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सहकारिता के मूल सिद्धांतों के अनुरूप पारदर्शिता, वित्तीय सुदृढ़ता, सदस्य हितों के संरक्षण तथा संस्था की कार्यकुशलता बढ़ाने के महत्व पर बल दिया गया। हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने बताया कि सहकारिता सामूहिक प्रयास, पारस्परिक विश्वास और आर्थिक आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि हाउसफेड का उददेश्य वित्तीय अनुशासन, समयबद्ध ऋण वसूली, पारदर्शी कार्यप्रणाली तथा उपलब्ध संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के माध्यम से संस्था को और अधिक सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाना है। हाउसफेड इसी भावना के अनुरूप सहकारी आवास क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण तथा सदस्य समितियों के हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

सुहागिनों ने की पति की लंबी उम्र की कामना-कहा तुम्ही देवता हो....

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। करवाचौथ का व्रत सुहागिन महिलाओं ने बृहस्पतिवार को पूरे उत्साह और श्रद्धा भाव से मनाया। इसके लिए सुहागिनों ने सुबह से ही अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए पूरे दिन निर्जल व्रत रखा और देर रात में चांद व पति का दीदार कर व्रत तोड़ा। सुहागिनों ने अपने पतियों को रिझाने के लिए हाथों पर सुंदर अति सुंदर मेहंदी रचाई। साथ ही माता करवा से पति की लंबी आयु की कामना की। पतियों ने भी अपनी पत्नियों को प्रेमस्वरूप उपहार भेंट किए और घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। त्यौहारों को लेकर अपने सजना के लिए सजने का सिलसिला और करवाचौथ का व्रत रखने की परम्परा निभाने के लिए सुहागिनें दिन भर लगी रही। बाजारों में महिलाएं कही मेहंदी लगवाते तो कही कंगन-चूडिय़ां और साज-सज्जा का सामान खरीदते नजर आई। व्रत रखने वाली लक्ष्मी मोड पर रह रही सरोज देवी पत्नी रमेश चंद, सुनीता सैनी पत्नी मुकेश सैनी, आशा गोयल पत्नी देशराज गोयल, लता सिंगला पत्नी पंकज सिंगला, कमलेश नंदा पत्नी हरीश नंदा, वर्षा अग्रवाल पत्नी विजय अग्रवाल, चंद्रप्रभा बंसल पत्नी दीपक बंसल, सुषमा सिंगला पत्नी जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, रेनू गुप्ता पत्नी संजीव गुप्ता, खिलिया की ढाणी में रहने वाली भारती हरसाना पत्नी मनीष हरसाना, श्यामवती सैनी पत्नी दयाराम सैनी, रेणू सैनी पत्नी नवीन सैनी हिरमथला, कांता सैनी पत्नी कैलाश चंद आदि महिलाओं ने पूजा की थाली खरीदी तो चांद देखने के लिए झलनी भी खरीदी। बाजारों में स्टील पीतल के करवा के साथ पूजा की थाली भी विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। महिलाओं ने शाम के वक्त कथा सुनी तो रात में चांद नजर आने पर जल चढ़ाकर और अपने पतियों को छलनी में देखकर उनके हाथ से पानी पीकर अपना व्रत तोड़ा। नवविवाहित जोडों में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह नजर आया। सोलह श्रंगार में सजी-धजी महिलाएं नवविवाहिता सी नजर आई।

दिमाग में आक्सीजन की कमी से ब्रेन स्ट्रोक का खतरा : डाक्टर रामवीर गोस्वामी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर शहर में दमदमा मोड के समीप देवप्लाजा में स्थित संजीवनी अस्पताल में बृहस्पतिवार को विश्व स्ट्रोक दिवस के उपलक्ष्य में रोगियों को जागरूक बनाने के लिए एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। जागरूकता शिविर में मौजूद रोगियों के बीच बोलते हुए संजीवनी अस्पताल निर्देशक डाक्टर रामबीर गोस्वामी ने बताया कि दिमाग में आक्सीजन की कमी से ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बन जाता है। ब्रेन स्ट्रोक के मरीज को यदि 4 घंटे के अंदर इलाज मिलता है तो उसके ठीक होने की संभावना अधिक होती है। उन्होने बताया कि ऐसा अनुमान है कि देश में हर रोज 3 हजार से अधिक ब्रेन स्ट्रोक से लोग ग्रस्त होते है। ब्रेन स्ट्रोक के मरीज को जितना जल्दी इलाज मिलेगा, रोगी के उतना ही अच्छे तरीके से जल्दी ठीक होने की संभावना रहेगी। उन्होने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक ग्रस्त मरीज के एक मिनट में 19 लाख ब्रेन सेल्स डैथ हो जाते है। जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इलाज में देरी रोगी के लिए जानलेवा भी साबित हो सकती है। संजीवनी अस्पताल निर्देशक डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने यह भी बताया कि अगर यह बीमारी किसी को एक बार हो जाए तो जीवन भर इसका ध्यान रखना होगा। मरीज चाहे ठीक हो जाता है लेकिन उसकी दवा चलती रहती है। उन्होने कहा कि जिस तरह से वायु प्रदूषण और खानपान के साथ लोग आज तनाव भरे जीवन में जी रहे है, उससे ऐसा अंदेशा है कि आने वाले समय में 6 लोगों में से एक व्यक्ति ब्रेन स्ट्रोक का मरीज होगा।

किसानों को सालाना 6 हजार रुपए वित्तीय सहायता दे रही सरकार : किसान नेता सुरज्ञान सिंह

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह ने बताया कि देश में अन्नदाताओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार भारी मददगार साबित हो रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में योजना की 24वीं किस्त शुक्रवार, 30 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आरटीजीएस प्रणाली के माध्यम से जारी कर सीधे किसानों के बैंक खातों में डालने का काम करेंगे। जिसका सीधा लाभ देश के 9.34 करोड़ से ज्यादा किसानों को घर बैठे मिलेगा और उनके बैंक खातों में सीधे 18 हजार 680 करोड़ रुपए सरकार की तरफ से डाले जाएंगे। भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार की तरफ से पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रति किसान परिवार को वार्षिक वित्तीय सहायता के रूप में 6 हजार रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होने बताया कि इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने 24 फरवरी-2019 में की थी। जिसके तहत प्रति वर्ष देश के प्रत्येक पात्र किसान के बैंक खाते में 6 हजार रुपए का भुगतान तीन किस्तों में सरकार की तरफ से किया जा रहा है। कोरोना संकट के वक्त सामने आई चुनौतियों को देखते हुए केन्द्र सरकार ने किसानों की मदद के लिए आगे आकर जायद व खरीफ दोनों किस्ते एक साथ किसानों के खाते में पहुंचाने का काम किया। उस वक्त सरकार की तरफ से पात्र किसानों के खाते में 22 हजार करोड़ रुपए डलवाए गए और 24वीं किस्त भी सरकार किसानों के खाते में 30 अक्टूबर को डालने का काम करेगी। इस मौके पर युवा भाजपा नेता सागर खटाना रिठौजिया भी उनके साथ मौजूद रहे।

फरवरी से शुरू होगी दूसरे चरण की जनसंख्या गणना : पूर्व चेयरमैन दिनेश शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि भारत की जनगणना-2027 के दूसरे चरण अर्थात जनसंख्या गणना की तैयारियों के तहत गुरुग्राम जिला में प्रशासनिक स्तर पर प्रशिक्षण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस चरण में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार और व्यक्ति से संबंधित निर्धारित जानकारी एकत्रित करेंगे। जनगणना का यह कार्य डिजिटल माध्यम से किया जाएगा, जिसमें मोबाइल एप्लीकेशन और ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होने बताया कि जनगणना संचालन निदेशालय, हरियाणा के अनुसार, दूसरे चरण में नागरिक फरवरी-2027 में आरंभ होने वाली जनगणना से पहले घर बैठे स्व-गणना पोर्टल ह्यद्ग.ष्द्गठ्ठह्यह्वह्य.द्दश1.द्ब ठ्ठ के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। यह पोर्टल जनवरी से शुरू होगा। इसके बाद प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी। जनसंख्या गणना के उपरांत पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा, ताकि गणना में छूटे व्यक्तियों एवं परिवारों की पहचान और दर्ज विवरणों में संभावित त्रुटियों का निराकरण किया जा सके। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने कहा कि जनगणना के दूसरे चरण में स्व-गणना की सुविधा नागरिकों के लिए अतिरिक्त विकल्प के रूप में उपलब्ध होगी। ऑनलाइन माध्यम से जानकारी दर्ज करने वाले परिवारों के विवरणों का भी प्रगणकों द्वारा घर जाकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सत्यापन किया जाएगा। इससे जनगणना के आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करने तथा किसी व्यक्ति या परिवार के छूटने अथवा दोहरी गणना की संभावना को कम करने में सहायता मिलेगी। नागरिकों से आग्रह किया जाएगा कि वे स्व-गणना के दौरान सभी जानकारियां सही एवं सावधानीपूर्वक दर्ज करें और सत्यापन के समय प्रगणकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करे। उन्होंने बताया कि जनसंख्या गणना के दौरान निर्धारित प्रश्नावली के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित जानकारी एकत्रित की जाएगी। हरियाणा में जारी प्रशिक्षण संबंधी जानकारी के अनुसार, प्रश्नावली में कुल 40 प्रश्न शामिल होंगे। इनके माध्यम से जनसांख्यिकीय, सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक गतिविधियों, भाषा, प्रवास तथा अन्य निर्धारित विषयों से संबंधित विवरण संकलित किए जाएंगे। इन आंकड़ों का उपयोग देश एवं प्रदेश में विकास योजनाओं के निर्माण, सार्वजनिक सुविधाओं की आवश्यकता का आकलन और विभिन्न क्षेत्रों की जनसंख्या संबंधी आवश्यकताओं को समझने में किया जाएगा। उन्होने कहा कि जनगणना-2027 में पहली बार देशव्यापी जनगणना प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से संचालित किया जा रहा है। प्रगणक स्मार्टफोन पर उपलब्ध निर्धारित मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से आंकड़े दर्ज करेंगे। वही जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली के माध्यम से कार्य की प्रगति, प्रशासनिक समन्वय और क्षेत्रीय स्तर पर निगरानी को मजबूत बनाया जाएगा। डिजिटल व्यवस्था का उद्देश्य जनगणना कार्य को अधिक व्यवस्थित बनाना, आंकड़ों के संकलन में होने वाली त्रुटियों को कम करना तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करना है। उन्होने कहा कि हरियाणा सरकार ने जनगणना-2027 के दूसरे चरण में शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। गुरुग्राम जिला में जनगणना के एक्शन प्लान के अनुसार गणना ब्लॉकों में जनसंख्या गणना के लिए आरक्षित कर्मियों सहित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की तैनाती की तैयारियां भी शुरू हो चुकी है। जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों, मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रेम और विश्वास का प्रतीक है करवाचौथ का त्यौहार : चंचल अग्रवाल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना नगरपरिषद के वार्ड-18 की पुरानी सब्जीमंडी में रहने वाली और निरंकारी मिशन से जुड़ी महिला समाजसेविका चंचल अग्रवाल धर्मपत्नी लोकेश अग्रवाल निरंकारी ने करवाचौथ के त्यौहार को प्रेम और विश्वास का प्रतीक त्यौहार बताया है। महिला जागृति मंच के तत्वाधान में करवाचौथ के त्यौहार पर बृहस्पतिवार को आयोजित महिला मिलन समारोह में मौजूद मातृशक्ति के बीच बोलते हुए महिला समाजसेविका श्रीमती चंचल अग्रवाल ने करवाचौथ के त्यौहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए करवाचौथ का व्रत रखती है। यह करवा नाम की धोबिन के नाम पर पड़ा है। करवा इतनी बहादुर महिला थी कि उसने मगरमच्छ के मुंह से अपने पति की जान बचाई। जिससे खुश होकर यमराज ने करवा को उसके पति की दीर्घायु होने का वरदान दिया और साथ ही यह भी कहा कि जो सुहागिन स्त्री करवाचौथ का व्रत रखेगी, उसको सौभाग्यवती होने का वरदान मिलेगा।

दीवाली पर घरों-दुकानों, खेत-खलिहानों पर जलाए देशी घी के दीए : रामजीत पंवार

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर जाट युवा सभा के जिलाप्रधान चौधरी रामजीत सिंह पंवार इंडरिया ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली के त्यौहार पर वह पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। उन्होने कहा कि लोगों को अपने घरों में 60, 100 और 200 वाट के बल्बों की बजाय एलईडी व स्लिम टयूब लाईटों का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे बिजली की खपत कम होगी। पर्यावरण संतुलित रहेगा। जाट युवा सभा के जिलाप्रधान चौधरी रामजीत सिंह पंवार इंडरिया ने कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते है। उन्होने बताया कि उन्होने जाट युवा महासभा से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह दीपावली के त्यौहार पर पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। साथ ही आम जनमानस को भी जागरूक बनाने में आगे आए ताकि एक नई और अच्छी पहल की शुरूआत हो। समाज और देश को नई दिशा मिले।